आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 187, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



... तो आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज 16
जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 15

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फतूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की रविवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

### बिहार में कई स्थानों पर तटबंध टूटे, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पानी घुसा

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ का असर भारत-नेपाल सीमा से लगते जिलों पर सबसे अधिक पड़ा है। सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में रविवार को दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।



- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

# जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

# बरेली के अधीक्षण अभियंता निलंबित

- वाराणसी, अलीगढ़ के अधीक्षण अभियंताओं पर भी कार्रवाई
- उप्र पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष की समीक्षा में नहीं दे पाए सही जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया।

अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।



अम्बा प्रसाद

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव कार्य किया जाए।

## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

# मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

## 20 घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले जिनमें से चार जौनपुर और तीन प्रतापगढ़ के निवासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। योगी बाबा से कहकर गांजा को वैध कराया जाए। अगर गांजा अवैध है तो पीने की छूट क्यों दी गई है। यह दोहरी नीति क्यों ? साधु, संत और महात्मा समाज के लोग गांजा बहुत ही शौक से पीते हैं। कहा कि कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा।

- गाजीपुर में गांजा पर दिए गए बयान पर हुई कार्रवाई



# पीड़िता की पहचान उजागर करने पर पूर्व मंत्री को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत छह लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। एसपी चक्रेश के मुताबिक, इन सभी लोगों ने छेड़छाड़ पीड़िता की पहचान उजागर कर दिया था। नोटिस में कहा गया है कि पूर्व मंत्री समेत सभी छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बीते 24 सितंबर को महमूदाबाद क्षेत्र के कक्षा छह की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। एसपी के मुताबिक सपा सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत 6 लोगों ने पीड़िता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हुई है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### कार्रवाई का खाका

- महमूदाबाद क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला
- मंत्री के अलावा पांच अन्य लोगों से भी पुलिस ने मांगा जवाब

पीड़िता के साथ घटित घटना अमानवीय है। दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नोटिस का विधि सम्मत जवाब दिया जाएगा। - **नरेन्द्र वर्मा**, पूर्व मंत्री।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

## सुरक्षाबलों ने कठुआ में एक आतंकवादी को मार गिराया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

# जम्मू-कश्मीर में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया।

तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने खरगे को फोन कर उनका हाल जाना।



- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

# कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

नई दिल्ली, एजेंसी

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

# किसानों को उपलब्ध होगा प्रदेश में उत्पादित हाइब्रिड बीज

## अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही हाइब्रिड और अच्छे किस्म के बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22% धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।



### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है।
- **डॉ. अवधेश मिश्र**, कृषि विशेषज्ञ

## शहर में आज



☞ लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन रात 8 :30 बजे।

☞ राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह 11 :30 बजे।

## एक नजर



सम्मेलन में सम्मानित हुए समाज के युवा।

### प्रोफेसर, डीएसपी और इंजीनियर सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने रविवार को मूंढापांडे ब्लाक के गांव भीतखेड़ा में क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में शिक्षा व अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को मंच पर सम्मानित किया। जिसके तहत क्षत्रिय समाज के शरद चौहान को सीआरपीएफ में डीएसपी, आकाश कुमार को जीआईसी कालेज में प्रोफेसर और सनी कठेरिया को अमेरिका में इंजीनियर बनने पर सम्मानित किया गया।

### नोडल अधिकारी का दो दिवसीय दौरा आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोडवेज के नोडल अधिकारी आरबी लाल शर्मा दो दिन मुरादाबाद, पीतलनगरी डिपो का मुआयना करने के बाद परिक्षेत्र के डिपो का निरीक्षण करेंगे। नोडल अधिकारी के आगमन को लेकर रविवार को अधिकारी तैयारियों में जुटे रहे। लगभग चार माह पूर्व नोडल अधिकारी ने दौरा किया था। अब सोमवार को नोडल अधिकारी पुनः मुरादाबाद रीजन की समीक्षा बैठक लेने आ रहे हैं। मुरादाबाद, पीतलनगरी डिपो के अलावा नोडल रामपुर, अमरोहा या आसपास के किसी भी डिपो का निरीक्षण कर सकते हैं।

# संगठित नहीं हुए तो विलुप्त हो जाएगा समाज : सोम

## क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन सम्मेलन में सरधना के पूर्व विधायक ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अगर इसी तरह बंटते रहे और संगठित नहीं हुए तो एक दिन ऐसा आएगा कि क्षत्रिय समाज विलुप्त हो जाएगा। आप लोग पहले की तरह संगठित हो गए तो एक बार फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा। यह बातें भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंच से कहीं। वह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में क्षत्रिय समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अखंड भारत को बनाने में क्षत्रिय समाज का विशेष योगदान रहा है। देश के इतिहास में जितना नाम क्षत्रियों का रहा है, उतना किसी समाज का नहीं रहा, लेकिन, अब क्षत्रिय समाज अपनी पहचान खो रहा है। इसका कारण क्षत्रियों का संगठित न होना है। उन्होंने कहा कि क्षत्रियों द्वारा इतिहास में किए गए कार्य व उनके योगदान को बताने के लिए कोई नहीं आएगा। हमें खुद अपना इतिहास बताना होगा। मुगलों के दौर में महाराणा प्रताप ने अकबर से लड़ते हुए घास की रोटी खाकर गुजारा किया। मुगलों के आंतक से हमारी 16 हजार माताओं ने लोगों को बचाने का काम किया। क्षत्रिय समाज की महिमा ऐसी है कि भगवान राम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से जन्म लिया। उन्होंने समाज में दहेज प्रथा और नशाखोरी को खत्म करने की सभी को शपथ दिलाई।



सम्मेलन में मुख्य अतिथि संगीत सोम को तलवार भेंटकर स्वागत करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

### दहेज प्रथा, मृत्यु भोज को त्यागे क्षत्रिय समाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरधना से पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को दहेज प्रथा का पूरी तरह से त्याग करना चाहिए। साथ ही मृत्यु भोज बंद किया जाए। सभी क्षत्रिय शराब समेत अन्य नशे से दूर रहें। क्षत्रिय समाज के सभी लोगों को यह संकल्प लेना होगा कि वह शराब और मांस का उपयोग नहीं करेंगे। अगर समाज के लोग मेरे कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं तो मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें कहीं- कोई दिक्कत नहीं होगी।

# बिगड़े बोल: नहीं सुधरे अधिकारी तो जनता से पिटवाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **भाजपा के पूर्व विधायक ने कहा कि अधिकारी को धमकाने का वायरल वीडियो उन्हीं का था**

**अमृत विचार:** हमेशा से अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक व फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में खुले मंच से अधिकारियों को पब्लिक से जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में और सही से काम नहीं करेंगे तो वह उन्हें पब्लिक से जूतों से पिटवाएंगे।

पूर्व विधायक संगीत सोम मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान और हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंच से अपने एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा एक अधिकारी को धमकाने का वीडियो वायरल है। इस पर एक पत्रकार से मुझसे पूछा कि आप का अधिकारी को धमकाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी जगह दूसरा नेता होता तो कह देता कि ये मेरा वीडियो है ही नहीं, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मैंने कहा हां, मैंने धमकाया था और कम धमकाया था। मैं आज फिर इस मंच से कह रहा हूं कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में रहकर और सही से काम नहीं करेंगे तो उन्हें पब्लिक के हाथों जूतों से पिटवाऊंगा।

# क्षत्रियों को आपसी मतभेद छोड़कर एक होना होगा : व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने की संगठित होने की अपील**

**अमृत विचार:** मूंढापांडे के भीतखेड़ा गांव में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक होना पड़ेगा। उत्सव मंडप में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य ने कहा कि क्षत्रिय समाज के सभी लोगों को मतभेद छोड़कर एक होना होगा। उन्होंने कहा कि हम क्षत्रिय जाति से हैं और धर्म है कि हम अपनी जाति के लोगों के साथ मिलकर रहें। उन्होंने कहा कि कई साल पहले जब मैं मूंढापांडे से मछरिया की ओर जाता था तो पूरी सड़क खराब थी। लेकिन मेरे प्रयास से मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही इस सड़क के बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी और कुछ ही समय में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। वहीं कुंदरकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और भाजपा नेता रामवीर सिंह ने समाज से संगठित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में नशे की लत को खत्म करना होगा। शराब और मांस क्षत्रियों का जलपान व भोजन नहीं था, लेकिन आज हमारे समाज के लोग सबसे ज्यादा इसमें लगे है। इसलिए हमें समाज से नशे को खत्म करना होगा। क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्बू, संजय राघव, अशोक कुमार तोमर, अशोक कुमार कठेरिया, अरविंद कुमार राठौर, अनिल कुमार राठौर, डॉ. केपी सिंह, राजीव कुमार, मनोज तोमर, मनोज कठेरिया, योगेश प्रधान, खेमपाल सिंह, रविंद्र सिंह चौहान, अमित कुमार सिंह समेत भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल रहे।



सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री धर्मपाल सिंह साथ में उपस्थित कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

# किसान सुखी तो सब सुखी के संकल्प को साकार कर रही सरकार: धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आयोजन**

- **कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से सम्मेलन आयोजित**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि किसान सुखी, तो सब सुखी, किसान दुखी तो सब दुखी। भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार इसी संकल्प को साकार कर रही है। निराश्रित गोवंश की रक्षा, संरक्षण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

वह रविवार को कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के गागन तिराहा के निकट भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां 75 प्रतिशत लोग खेती पर आधारित हैं। जिसमें 60 प्रतिशत सीधे खेती करते हैं। 10 प्रतिशत पशुपालन और 5 प्रतिशत लोग मजदूरी करते हैं। प्रदेश सरकार में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव को जीतने के लिए हर स्तर पर काम करना है। राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के होने वाले उप चुनाव में कमल के फूल निशान वाले भाजपा के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर, परमेश्वर लाल सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष आनंदी प्रसाद प्रजापति, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री दिनेश ठाकुर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र चौधरी, अनुज विश्नोई आदि मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के बयान को बताया बचकाना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने राहुल गांधी के बयान को बचकाना बताया। कहा कि राहुल गांधी को देश की गरिमा व मर्यादा का कोई ख्याल नहीं है। ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन के बाद मीडिया से अनौपचारिक बात कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नाच गाने वाले राहुल गांधी के बयान के सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं लेकिन उनके बयान बचकाना हैं। देश की मर्यादा व धार्मिक परंपरा का अनादर नहीं करना चाहिए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मठाधीशों वाले बयान पर भी ऐतराज जताया।



**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे।

32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:07 | सूर्यास्त 06:03


श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001


# विद्युत पोल से बाइक टकराई दो युवकों की मौत, कोहराम

## सुरजननगर-जसपुर मार्ग पर गांव दुल्हापुर के पास हुआ हादसा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



गांव जयनगर में युवकों की मौत पर विलाप करते परिजन।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजननगर-जसपुर मार्ग पर स्थित गांव दुल्हापुर के तीव्र मोड़ पर देर रात्रि विद्युत पोल से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना परिजनों में कोहराम मच गया।

जनपद बिजनौर के जयनगर निवासी रमन पुत्र विजयपाल सिंह व शिवम पुत्र देवराज सिंह पर्दे पर रामलीला दिखाने का काम करते हैं। थाना जसपुर के गांव कासमपुर में पर्दे पर रामलीला दिखाकर बाइक से दोनों युवक रात्रि 1:30 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान दुल्हापुर गांव के निकट तीव्र मोड़ पर बाइक असंतुलित होकर अचानक विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक सहित दोनों युवक नाले में गिर गए। पुलिस ने तत्काल दोनों को निकाल कर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं जवान बेटों की मौत की सूचना मिलने पर माता-पिता, भाई बहन व अन्य परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल था। मृतक युवकों के परिजनों का कहना है कि दोनों युवक पढ़ाई के साथ-साथ पर्दे पर रामलीला दिखाने का कार्य कर घर का भरण पोषण भी कर रहे थे। दोनों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



शिवम व रमन का फाइल फोटो।

## बिना बताए घर से निकली किशोरी लापता, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की किशोरी बिना बताए घर से निकलने के बाद लापता हो गई। पिता के ढूंढने पर भी किशोरी का सुराग नहीं लगा। परेशान होकर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे बिना बताए बेटी घर से निकली, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिचितों और रिश्तेदारों के यहां जानकारी की पर उसका कुछ पता नहीं चला। पिता ने बताया कि बेटी अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गई है, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। उसी मोबाइल नंबर से वह फोन-पे और इंस्टाग्राम भी चलाती है। लेकिन, कुछ सुराग नहीं लग रहा है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर अपहरण करने का केस दर्ज किया गया है। किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम प्रयास में जुटी है।

# दूसरे की जमीन दिखाकर 6.5 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नागफनी थाना क्षेत्र में दूसरे की जमीन दिखाकर धोखाधड़ी करके व्यक्ति ने 6 लाख से अधिक की रकम हड़प ली। संदेह होने पर पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो धमकी देने लगा। मामले में पीड़ित ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र के दौलतबाग निवासी हाजी अकरम ने कोर्ट में दी अर्जी में बताया कि कटघर के दोहरा के रहने वाले हाजी इल्यास और उनके दोनों बेटे रिजवान व युनुस पहलवान से जान पहचान है। ढाई साल पहले हाजी इल्यास अपने बेटों के साथ घर पर आए थे। इसी दौरान तीनों से 15 लाख रुपये में 2 बीघा जमीन का सौदा तय हुआ था। 22 मार्च 2022 को पीड़ित ने बयाना के तौर पर 3 लाख रुपये दे दिए थे।

इसके बाद पीड़ित ने अप्रैल में 3.50 लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद आरोपी पीड़ित को जमीन दिखाने के लिए टालमटोल करने लगे।

पीड़ित के बार-बार कहने पर बाप-बेटों ने किसी दूसरे की जमीन दिखा दी। जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ में आया। आरोप है कि इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों से रकम वापस मांगी तो वे जान से मारने की धमकी देने लगे। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पिता समेत दोनों बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नीट परीक्षा पास कराने का झांसा देकर 4 लाख ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र निवासी युवक से नीट परीक्षा पास कराने का झांसा देकर बिहार के रहने वाले पूर्व प्रधान ने 5 लाख रुपये ऐंठ लिए। कई बार मांगने पर एक लाख रुपये वापस कर दिए, जबकि 4 लाख की रकम हड़प ली। वापसी का दबाव बनाने पर धमकी देने लगा। पीड़ित ने मामले में एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव भैंसिया निवासी यादी अली ने बीते दिनों एसएसपी को दिए प्रार्थना प्रत्र में बताया है कि उनकी बेटी राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। बेटी के साथ ही बिहार के पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर के पूर्व प्रधान मोहम्मद जहीरउद्दीन का बेटा भी तैयारी कर रहा था। उस समय जहीरउद्दीन ने उन्हें भरोसा दिया कि वह बेटी को नीट परीक्षा 2022 पास करा देगा। इसके लिए उसने याद अली से 5 लाख रुपये की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने 5 लाख रुपये जहीरउद्दीन के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। लेकिन, बेटी का नीट में सलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद याद अली को ठगी का अहसास हुआ। कई बार टोकने पर आरोपी ने दो बार में एक लाख रुपये तो वापस कर दिए। लेकिन, चार लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि अब रकम वापस मांगने पर आरोपी ने फोन पर ही धमकी देनी शुरू कर दी। इसके बाद परेशान होकर पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि तहरीर के आधार पर मोहम्मद जहीरउद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्टॉल में संभल प्रथम, मुरादाबाद द्वितीय

- कारोबार की बुलंदी पर पहुंचकर हुआ यूपी ट्रेड शो का समापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो कारोबार की बुलंदी पर पहुंचकर रविवार को समाप्त हो गया। 5 लाख से अधिक आगंतुकों के आने से मेला स्थल पर भारी गहमागहमी रही।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों और आईईएमएल के चेयरमैन राकेश कुमार ने मेले से यूपी के व्यापार और दस्तकारी को मिली गति को अगले वर्षों में भी बरकरार रखने का वादा किया है। रविवार को ट्रेड शो के समापन दिवस पर प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने भ्रमण करके लोगों की उपस्थिति पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि व्यापार शो उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का प्रतिनिधित्व करता है। आगंतुक न केवल हमारे राज्य से बल्कि पूरे देश और दुनिया भर से आए हैं। जो दिखाता है कि उत्तर प्रदेश के पास क्या विशेष है। पुरस्कार समारोह में वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने अध्यक्षता की। समारोह में बेस्ट स्टॉल सजावट के साथ विभिन्न पुरस्कार वितरित किए। बेस्ट स्टॉल के लिए अमेजन क्राफ्ट संभल, मुगल ओवरसीज मुरादाबाद व आरोग्य गौतमबुद्ध नगर शामिल रहे। वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने सभी विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभा और नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। मार्ट अध्यक्ष राकेश कुमार ने मेले को सफल बनाने में शामिल सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सबके उत्साह और समर्पण ने इस कार्यक्रम को नवाचार और सहयोग के लिए सबसे बड़े मंच में बदल दिया है। हम भविष्य में इस गति को बनाए रखेंगे। सरकार और विभिन्न हितधारकों के बीच साझेदारी सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

## आईएफटीएम में आज होगा खिलाड़ियों का ट्रायल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** यूपीसीए जल्द ही अंडर 14 आयु वर्ग में यूपी की टीम के लिए चयन करेगी। इससे पहले जिला और जोन स्तर पर ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं जिनका रजिस्ट्रेशन यूपीसीए से किया गया है। डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि ट्रायल आईएफटीएम में 30 सितंबर को सुबह 8.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। सभी खिलाड़ियों को समय से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में पहुंचना जरूरी है।

# विदेशियों को भा रहे मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थ

- मुरादाबाद के एफपीओ को मिले बंपर आर्डर, तीन दिन में बिका लाखों का माल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



ग्रेटर नोएडा में चल रहे ट्रेड शो में मिलेट्स से बने उत्पादों के बारे में जानकारी देते आरेंद्र बड़गोती।

**अमृत विचारः** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी ट्रेड शो में देश-विदेश से आए ग्राहकों को मुरादाबाद में जैविक खेती से पैदा होने वाले मिलेट्स (मोटे अनाज) से बने उत्पाद बेहद पसंद आए। जिसमें पहली बार ट्रेड शो में लगे एफपीओ (फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी) को लाखों रुपये के ऑर्डर मिले हैं। साथ ही 100 से अधिक बायरो ने मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों की मांग की।

पांच दिवसीय ट्रेड शो में मिलेट्स के खाद्य पदार्थ चर्चा में आने से शासन के विशेष सचिव विनीत प्रकाश और संयुक्त निदेशक एग्रीकल्चर इंजीनियर लखनऊ जेपी चौधरी स्टॉल पर पहुंचे। इस बार भी ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश ट्रेड शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों तरह की वस्तुओं के स्टॉल लगे। वहीं इस बार कृषि विभाग की पहल पर ट्रेड शो में मिलेट्स के कई प्रकार के मोटे अनाज से बने उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें गन्ने के रस और मोटे अनाज से बने लड्डू, बिस्कुट, ज्वार के समोसे ,कूटू के आटे के बनी नमकीन, गन्ने के रस से बना सिरका, सिरका आचार, शहद, लीची जामुन में पड़े सीड्स ड्राई फ्रूट से बना मिक्स शहद, प्राकृतिक गन्ने के रस बनी चटनी समेत कृषि एफपीओ के स्वामी आरेंद्र बड़गोती ने एक लाख की कीमत के खाद्य पदार्थ अपने स्टॉल पर लगाए थे। जिसमें सभी तरह के उत्पाद देश विदेश से आए लोगों को बहुत भाए।


NAVRATRI FESTIVAL OFFER

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

44 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
JYOTI
An ISO 9001:2015 Certified Company
SINCE : 1979
UP KA No. 1 BRAND
JYOTI
ज्योति एलईडी टीवी परिवार नवरात्रि पर आपके लिए लेकर आए हैं
43 inch led tv
केवल 1500/- प्रति माह किटी योजना
स्कीम का पहला ड्रा 06 अक्टूबर 2024 को होगा।

- इस किट्टी में 200 सदस्य होंगे जिसका 1500 रुपये प्रति माह 12 महीने तक देना होगा जिसमें प्रतिमाह 200 टोकन में से एक टोकन निकाला जाएगा।
- जिस भी भाग्य शाली ग्राहक का टोकन निकलेगा उसे भाग्यशाली को 20500 रुपये वाली 43 इंच ज्योति वेबोस स्मार्ट एलईडी टीवी उपहार में दी जाएगी। जिसकी 2+2 साल की वारंटी होगी।
- जिस ग्राहक का टोकन निकल जाएगा उसे उसका उपहार/ ज्योति एलईडी टीवी देकर किट्टी से हटा दिया जाएगा उसकी अगामी शेष किटी में कोई भागीदारी नहीं होगी।
- इसी प्रकार 12 माह तक लगातार किट्टी का आयोजन होगा जिसमें 11 सदस्य को 1-1 पीस एलईडी टीवी दिया जाएगा।
- जिसका तीसरा एवं छठवां ड्रा में बम्पर लकी ड्रा में 50 इंच ज्योति वेबोस की एलईडी निकाली जाएगी और 9वीं ड्रॉ में 65 इंच ज्योति की एलईडी निकलेगी।
- इसी प्रकार 12 वीं ड्रॉ में शेष 189 ग्रहको/सदस्यो को 43 इंच ज्योति वेबोस स्मार्ट एलईडी + एक उपहार भी दिया जाएगा।

नियम व शर्तें :- 1. किसी को भी नकद भुगतान नहीं दिया जाएगा। केवल और केवल 43 इंच ज्योति की स्मार्ट एलईडी टीवी दी जाएगी 2. बंपर ड्रा में 50 इंच और 65 इंच ज्योति की एलईडी टीवी दी जाएगी। 3. किटी के बारे में जो बताया गया है वही दिया जाएगा। 4. किटी में शामिल व्यक्ति किश्त जमा नहीं करेगा उसका टोकन नहीं डाला जाएगा। 5. बीच में किट्टी छोड़ने वाले सदस्य को उसकी जमा धन राशि किट्टी समापत होने पर ही दी जाएगी। 6. किट्टी के बीच में किसी भी सदस्य को कोई भी आइटम /एलईडी टीवी नहीं दी जाएगी। 7. टोकन निकलने पर ही टोकन वाले सदस्यो को 43 इंच एलईडी टीवी दी जाएगी। 8. सभी सदस्यों की भुगतान क्यूआर कोड पर ही मान्य होगी। स्क्रीन शॉट के साथ वो भी किट्टी की डेट से 3-4 दिन पहले मान्य होगी। 9. एक दिन पहले या ड्रा वाले दिन कोई भी पेमेंट स्वीकार नही की जाएगी। 10. जिस किसी को इस किटी का सदस्य बनाना है वह अपना नाम पता मोबाइल नंबर लिख कर हमें डीएम डायरेक्ट संदेश भेज सकता है।

KHURANA RADIO SERVICE STATION ROAD NEAR VISHAL MEGA MART (JYOTI LED TV ) CHANDAUSI
पेमेन्ट इस नम्बर पर डाल सकते हैं। 9719644486
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें मो. 7017733923

## एक नजर

### नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के कांवड़ पथ रोड स्थित डायमंड नर्सिंग होम के नाम से संचालित अस्पताल पर 23 सितंबर को नोडल अधिकारी द्वारा छापा मारा गया था। जिसका पंजीकरण व अन्य समक्ष दस्तावेज संचालक नहीं दिखा पाए थे। जिस पर नोडल अधिकारी ने नर्सिंग होम को सील कर दिया था। रविवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र चौधरी ने डायमंड नर्सिंग होम के संचालक डॉ. रिहान अली पुत्र हाजी बेचा निवासी ग्राम खेरखाता थाना भगतपुर के खिलाफ इंडियन मेडिकल काउंसलिंग 1956 एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।



पंकज दर्पण को सम्मानित करते अतिथि।

### डॉ. पंकज दर्पण को मध्य प्रदेश में मिला सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के वरिष्ठ नाट्य व रामलीला निर्देशक कार्तिकेय संस्था और मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज के सचिव डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को मध्य प्रदेश में सम्मान मिला है। मध्य प्रदेश के धार में अग्रसेन शौर्य नाटक के अभूतपूर्व मंचन के लिए डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को कला साधक सम्मान दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक व राज्यमंत्री अंकुश अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किया।

### खेत में गोवंश के अवशेष फेंकने वाले दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव बाकरपुर अटायन और वाजिदपुर में गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनके अवशेषों को ईख के खेत में फेंक दिया था। इस्लामनगर निवासी पिंकू सूचना पर पुलिस ने मौके से अवशेष बरामद किए थे। रविवार को पुलिस ने गोवंशीय अवशेषों को ईख के खेत में फेंक माहौल बिगाड़ने की साजिश करने को लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कस्बा गुलाबबाड़ी निवासी मुस्तकीम और मझोला के धीमरी कॉलोनी के रहने वाले मुन्नवर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया है कि आरोपियों के पास से एक बोलेरो कार भी बरामद की है।

---

युवा सम्मेलन के बाद किसान सम्मेलन का आयोजन, युवा सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई मंत्रियों ने भरी थी युवाओं में ऊर्जा

# सपा की परंपरागत सीट जीतने को नौजवानों, किसानों को साध रही भाजपा

कुंदरकी विस उपचुनाव



विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव में सपा की परंपरागत सीट जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। एक महीने में ही इस विधानसभा क्षेत्र में 4 बड़े कार्यक्रम सरकार व पार्टी की ओर से हुए। इसका संदेश साफ है कि कुंदरकी में कमल खिलाना है। सम्मेलनों के माध्यम से भाजपा युवाओं, किसानों, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को साधने में लगी है।

2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी सीट पर सपा के जियाउर रहमान बर्क ने जीत हासिल की थी। लेकिन, बाद में संभल के सपा सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस सीट से शफीकुर्रहमान के पोते व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक जियाउर रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया, जिन्होंने दादा की विरासत वाली सीट पर जीत दर्ज की। इसके बाद रिक्त हुए कुंदरकी विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव में भाजपा जीत के लिए पूरा जोर लगा रही है।

सितंबर में ही इस विधानसभा क्षेत्र में 4 बड़े कार्यक्रम हुए। 2 सितंबर को रामपुर रोड स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला और नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा था। साथ ही युवाओं को टैबलेट भी वितरित कर युवा शक्ति को साधा था।

### प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को बताया था देश का भविष्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 26 सितंबर को इसी विधानसभा क्षेत्र के मूंढापांडे में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने युवाओं को देश का भविष्य बताकर उनकी भूमिका की महत्ता बताई। उन्होंने कहा था कि पार्टी युवा वर्ग को जोड़ने का काम कर रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह, गुलाब देवी, जेपीएस राठौर भी शामिल हुए थे।

### चुनाव से पहले महिलाओं की भी याद

26 सितंबर को ही भाजपा सरकार में राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला की मौजूदगी में इस विस क्षेत्र के विकास खंड मूंढापांडे के सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण गोष्ठी आयोजित की गई थी। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई आदि की गई थी। राज्यमंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की उपलब्धियां गिनाईं थीं।

### 2022 में सपा प्रत्याशी को मिले थे 46.28 प्रतिशत वोट

वर्ष 2022 में कुंदरकी विधानसभा के हुए चुनाव में सपा प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क को कुल 1,25,792 वोट मिले थे। जो 46.28 प्रतिशत था। जबकि भाजपा के प्रत्याशी कमल कुमार को 82,630 वोट मिले थे। जो 30.4 प्रतिशत रहा। बसपा यहां तीसरे नंबर पर थी। बसपा प्रत्याशी मो. रिजवान को 42,742 वोट हासिल हुआ था। जो कुल मतों का 15.73 प्रतिशत रहा।

### अब किसानों व पिछड़ा वर्ग पर डाले डोरे

रविवार को कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर गागन तिराहे के समीप एक बैंक्वेट हाल में भाजपा किसान व पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन में प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने भाजपा की नीतियों, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को आगे कर किसानों व पिछड़ा वर्ग के लोगों को साधकर कुंदरकी में भी कमल खिलाने की अपील की।

### 2012 से कुंदरकी में अजेय है सपा

कुंदरकी विधानसभा के चुनाव में 2012 से सपा अजेय है। 2012 व 2017 में यहां से सपा के मोहम्मद रिजवान ने जीत दर्ज की। तो 2022 में सपा के जियाउर रहमान बर्क ने यहां से जीत दर्ज कर सपा की साइकिल को विधानसभा में पहुंचा दिया।



अभिनेता का स्वागत का करते आसिफ हसन।

## अल्फाजों में चासनी है उर्दू : रजा मुराद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीती शनिवार की रात फिल्म अभिनेता रजा मुराद करीबियों से मिलने मुरादाबाद पहुंचे। महानगर के जिगर कालोनी स्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडलीय मंत्री सैय्यद आसिफ हसन के आवास पर रजा मुराद ने शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उर्दू हमारी जुबान है। उर्दू के अल्फाजों में चासनी है। इसके बाद वह दिल्ली रोड स्थित एक होटल में रात्रि विश्राम करने के बाद वह एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमरोहा रवाना हो गए। इस मौके पर नेशनल हॉकी प्लेयर सैय्यद फैसल हसन, कर्मचारी नेता याकूब अली, मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

---

# भूमिगत लाइन में कट से आपूर्ति बाधित

## पीटीसी, दौलतबाग, पीलीकोठी के 15 हजार उपभोक्ता रहे परेशान, 6 घंटे के बाद हुआ सही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पीटीसी विद्युत केंद्र के 4500 उपभोक्ताओं को भूमिगत लाइन में कट लगने से लगातार छह घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। यह कट रामगंगा विहार सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने सड़क निर्माण के कार्य में खुदाई के दौरान लगा था। जिससे 3 घंटे दौलत बाग और पीलीकोठी विद्युत केंद्र के 10 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति एक बजे से तीन बजे तक बाधित रही।

रविवार को सुबह 9:30 बजे पीटीसी, कमिश्नर कंपाउंड, पीलीकोठी जिला अस्पताल मार्ग, अटल पथ, नया गांव, चक्कर की मिलक, नवीन नगर, अवंतिका कॉलोनी, रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर आशियाना, पीवीआर और हरथला मोहल्ले की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। सेल्सटैक्स के सामने बनी मार्केट के दुकानदारों ने बताया कि फाल्ट होने के बाद तुरंत बिजली कर्मचारियों को फोन मिलाया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद आसपास बसी कॉलोनी के लोगों ने फोन घनघनाने शुरू कर दिए। 10:30 बजे पीटीसी विद्युत केंद्र के जेई का फोन उठा। जिस पर उन्होंने विद्युत आपूर्ति बंद होने का कारण पूछा। उस वक्त तो जेई को भी बिजली गुल होने की जानकारी नहीं थी। बाद में पता चला था कि सेल्स टैक्स कार्यालय के बाहर भूमि केबल कटने से 33 केवी विद्युत लाइन की आपूर्ति बाधित हो गई है। जिसके बाद 11:30 बजे फाल्ट होने वाले स्थान पर विभाग की टीम पहुंची। पता चला कि सड़क निर्माण के कार्य में खोदाई करते वक्त लोक निर्माण विभाग की जेसीबी से 33 केवी की भूमिगत लाइन में कट लगाया गया था। इससे पीलीकोठी और दौलत बाग विद्युत केंद्र से 10 हजार उपभोक्ताओं की आपूर्ति तीन घंटे के लिए बंद करनी पड़ी।



व्यापार कर कार्यालय के बाहर भूमिगत फाल्ट ठीक करता बिजली कर्मचारी।

### दीवान का बाजार विद्युत केंद्र में खराबी से उपभोक्ता परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दीवान का बाजार विद्युत केंद्र में रात आठ बजे खराबी आने से करीब 500 उपभोक्ता परेशान रहे। देर रात करीब 10 बजे विद्युत केंद्र पर उपभोक्ताओं के जमा होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीओ ने जल्द व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया और लोगों को समझा बुझाकर घर भेजा। हालांकि विद्युत के आइसोलेटर में आई कमी को बिजली कर्मचारी देर रात ठीक करने में जुटे रहे।

### तीन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रहे कार्य में कटरानाज मोहल्ले में सुबह 3:00 बजे से 5:00 तक बिजली आपूर्ति बाधित बाधित रहेगी। वहीं टाउनहॉल मोहल्ले में सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक एक घंटा बिजली आपूर्ति नहीं रहेगी। जबकि ताड़ीखाना मोहल्ले में सुबह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

> लोक निर्माण विभाग की जेसीबी सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने खोदाई कार्य कर रही थी। वहीं भूमिगत 33 केवी लाइन में जेसीबी से कट लग गया। जिसके चलते पीटीसी विद्युत केंद्र की सप्लाई तभी से बंद हो गई। फाल्ट सही करने में लगभग तीन घंटे का समय लगा। 3:30 बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। अभी भी लाइन में कार्य चल रहा है।
> –नरेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता (द्वितीय)

## छत से गिरकर महिला की मौत, हत्या का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात महिला की छत से गिरकर संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर छत से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

संभल जिले केगांव असमोली निवासी स्नेहा शर्मा (25) पुत्री मनोज कुमार शर्मा की शादी 29 नवंबर 2023 को कटघर के पीतलगस्ती चौकी क्षेत्र के गोविंदनगर निवासी शरद कौशिक के साथ हुई थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले बात-बात पर स्नेहा को ताने मारते थे। आए दिन पति और ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। रविवार रात भी परिवार में झगड़ा हुआ था। इसी दौरान रात करीब 9 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में स्नेहा की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि पति और सास ने स्नेता को छत से धक्का देकर हत्या की है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप




टीएमयू इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुरस्कृत खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### खेलों से छात्रों में होता है नेतृत्व क्षमता का विकास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही टीएमयू इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। जिसमें स्प्रिंगफील्ड के ताशु, एसएस एकेडमी की अवनी, गोल्डन गेट की नव्या, अनाया, निर्वाण और अनंत को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप समापन मौके पर मुख्य अतिथि वीसी प्रोफसर वीके जैन ने कहा कि खेलों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल हमें सामाजिकता सिखाते हैं। साथ ही हमारे व्यक्तित्व में भी निखार आता है। हमें खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। हारने वाले खिलाड़ियों को कभी निराश नहीं होना चाहिए। हार से सीखते हुए कड़ी मेहनत के साथ आगे की तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने खेल के क्षेत्र के अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों में प्रथम स्थान को गोल्ड, द्वितीय स्थान को सिल्वर और तृतीय स्थान को ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया।

### कड़े मुकाबले के बीच खिलाड़ियों ने दिखाया दम



प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाड़ी।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप टूर्नामेंट में रविवार को तीसरे दिन भी कड़े मुकाबले हुए। रविवार को कुल 55 मैच खेले गए। आईटीएफ रेफरी एंटन डिसूजा ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। कई मैच आकर्षण का केंद्र रहे। मुरादाबाद के अनुज का 6-1,6-1 के साथ शानदार प्रदर्शन रहा। सुनील कुमार ने सेमीफाइनल में 6-1,7-6 के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर्षवर्धन ने मोहित गर्ग को पराजित किया। महिला वर्ग में विभा चौधरी ने नाजनीन को 7-5,6-3 से शिकस्त दी। इस मौके पर मुरादाबाद टेनिस एसोसिएशन के संरक्षक सरदार गुरजीत सिंह चड्ढा, एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव जैन, टूर्नामेंट के सचिव अवनीश रस्तोगी, विजय कुमार, राकेश कोहली, हरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### पाकबड़ा की बेटी झारखंड में जूडो में दिखाएगी दम



जूडो की खिलाड़ी को प्रशस्ति पत्र देते मो.याकूब।

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर स्थित विल्सोनिया स्कॉलर होम की छात्रा सिदरा अली पुत्री साजिद अली सुल्तानी निवासी गोधूलि मार्केट जूड़ो में धमाल कर चुकी है। जिसे चेयरमैन मो. याकूब द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिदरा ने बताया कि 7 अक्टूबर को झारखंड के जिला गिरीडीह के सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल जूडो प्रतियोगिता होगी। जिसमें सिदरा मुरादाबाद की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगी। सिदरा अली ने अब तक नेशनल और स्टेट लेवल की प्रतियोगिताओं में कुल 9 मेडल जीते हैं। जिसमें गोल्ड, सिल्वर, ब्राउन मेडल शामिल हैं। सिदरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के जूडो खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। वहीं इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि सिदरा की वजह से पाकबड़ा का नाम रोशन हो रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। उसकी कामयाबी के लिए सभी दुआ करते हैं।

---

# समूह गान में बिलासपुर की टीम प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को भारत विकास परिषद की ओर से प्रांतीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली रोड स्थित एक शादी हॉल में किया गया। जिसमें प्रांत की नौ टीमों ने भाग लिया। यह सभी टीमें मुरादाबाद के अलावा चंदौसी, बहजोई, रामपुर, बिलासपुर से प्रतिभाग करने आई थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल, पर्यवेक्षक आरके गुप्ता व अन्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर की गई। समूहगान प्रतियोगिता के नियमों के बारे में अलका विश्नोई ने जानकारी दी। हिंदी एवं संस्कृति पर आधारित गीतों पर टीमों ने प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम प्रथम, महानगर के केसीएम स्कूल की टीम द्वितीय व स्प्रिंगफील्ड स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रांतीय महासचिव गौरव अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर अजय विश्नोई, निर्मल मेहता, जगन्नाथ चावला, आलोक अग्रवाल, माधव गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, सुधीर शर्मा, संजय धवन, अतुल शंकर, गौरव वार्ष्णेय, नमन जैन, प्रशांत त्यागी, सागर गुप्ता, पीयूष गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, राजुल अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल शामिल रहे।




कार्यक्रम में मौजूद भाविप के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

● केसीएम स्कूल दूसरे स्थान पर व स्प्रिंगफील्ड तीसरे स्थान पर रहा

## पेनाल्टी से बचने का आज आखिरी अवसर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ऐसे व्यापारी जिनकी वार्षिक बिक्री 1 करोड़ रुपये से अधिक है, वह आयकर विभाग द्वारा निर्धारित दर से कम प्रॉफ़िट प्रदर्शित करते है तो उन्हें 30 सितंबर तक अपना ऑडिट चार्टर्ड एकाउंटेट से कराना होगा। यदि व्यापारी निर्धारित तिथि 30 सितंबर तक अपना ऑडिट नहीं करा पाते है तो आयकर विभाग बिक्री का आधा प्रतिशत तथा डेढ़ लाख जो भी राशि कम हो व्यापारी पर पेनाल्टी लगा सकता है।

टैक्स मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि पेनाल्टी से बचने के लिए व्यापरियों को 30 सितंबर से पहले अपना ऑडिट चार्टर्ड एकाउंटेंट से कराना होगा। जिन व्यापरियों को 30 सितंबर तक ऑडिट कराना है उन्हें अपने चार्टर्ड एकाउंटेंट को अपनी खरीद, बिक्री, सम्पत्ति, आदि का विवरण देना होगा।

# दबंगों ने तमंचे के बल पर 27 हजार छीने, मारपीट

कार्यालय संवाददात, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में उधारी के 500 रुपये मांगने पर दबंगों ने घेर कर युवक की जमकर पिटाई कर दी। तमंचे के बल पर युवक के पास रखे 27 हजार रुपये छीन लिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 3 नामजद समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के अगवानपुर निकट सैफियान नजदीक पेट्रोल पंप के निकट के रहने वाले हकीम मकसूद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को बेटा वसीम किसी काम से अगवानपुर बाईपास रोड पर गया था। इसी समय वसीम ने मोहल्ले के अली नवाज को उधार दिए 500 रुपये फोन करके मांग लिए। इतने में नवाज ने वसीम से मिलने का पता पूछा। इसी दौरान नवाज अपने साथ 13 से 14 लड़के लेकर वसीम के बताए पते पर पहुंच गया। अकेला पाकर वसीम को घेर लिया। आरोप है कि सभी ने एकजुट होकर वसीम की जमकर पिटाई कर दी। वसीम के पास रखे 27 हजार रुपये तमंचे के बल पर छीन लिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। आसपास के लोगों को पास आते देख सभी वहां से भाग गए। पीड़ित ने मामले में सिविल लाइंस थाने में शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले के ही अली नवाज, अशरफ और दिलनवाज समेत 12 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

---

रामलीला | महानगर के लाइनपार रामलीला मैदान में चल रही लीला में मंचन देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

# भगवान राम का जन्म होते ही अयोध्या में छाई खुशियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के लाइनपार रामलीला मैदान में चल रही श्रीराम लीला में रविवार को श्रीराम जन्म और सीता जन्म का मनोहारी मंचन हुआ। जिसके देखकर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

भगवान गणेश की वंदना और मां सरस्वती की आराधना के बाद कलाकारों ने रामलीला का मंचन शुरू किया। रामलीला मंचन के दौरान राजा दशरथ राज्यसभा में बैठे हैं। उन्हें अपनी बढ़ती उम्र देखकर चिंता लगती है कि उनके कोई पुत्र नहीं हैं, ऐसे में उनका उत्तराधिकारी कौन होगा? गुरु विश्वामित्र एवं गुरु वशिष्ठ उन्हें ऋषि श्रृंगि से पुत्रेष्ठि यज्ञ कराने की सलाह देते हैं। राजा यज्ञ कराते हैं, तभी यज्ञ देव प्रकट होते हैं और चारों रानियों को खिलाने के लिए फल देते हैं। इसके बाद महल में राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न चारों भाइयों का जन्म होता है। महल में खुशियां छा जाती हैं। पूरी तरह हर्षोल्लास का माहौल हो जाता है। दूसरी ओर जनकपुरी में वर्षा नहीं होती, फसलें सूख रही होती हैं। राजा जनक बरसात न होने से चिंतित हो जाते हैं। तभी ऋषि-मुनि गण उन्हें सलाह देते हैं कि यदि स्वयं राजा और रानी खेत में हल चलाएं तो वर्षा हो सकती है। राजा ऐसा ही करते हैं। खेत में हल चलाते समय एक स्थान पर उनका हल रुक जाता है। वहां एक घड़े से एक बच्ची मिलती है। राजा-रानी उसे महल में ले आते हैं। राजा उसे बड़े लाड़ प्यार से पालते हैं। पूरे महल में खुशियां छा जाती हैं। इस तहरह से भगवान श्रीराम और माता सीता के जन्म का मंचन हुआ। इस मौके पर राजीव प्रकाश बंसल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संदीप बंसल, रोहित बंसल, रोबिन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



रामलीला में मंचन करते कलाकार। =अमृत विचार

### गणेश जी की शोभायात्रा से होगी मंचन की शुरुआत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट पर रामलीला का मंचन 1 अक्तूबर से होगा। जिसमें पहले दिन मुकुट पूजन, गणेशजी की शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ रात आठ बजे से 84 घंटा मंदिर से दसवां घाट रामलीला स्थल को प्रस्थान करेगी। प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के अध्यक्ष यथार्थ किशोर ने बताया कि श्री शिव शंकर आदर्श रामलीला मंडल के निर्देशक सुरेश सिंह के निर्देशन में कलाकार मंचन करेंगे। इस मौके अमित गुप्ता, ओमाशंकर, मुकेश सैनी, देवेश सैनी, नरेंद्र, सुमन, अरुण व श्रीमाली शामिल रहे।



कलाकारों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

## ओपन स्टेज कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन एनजीओ द्वारा ओपन स्टेज कार्यक्रम का आयोजन एक बैंक्वेट हाल में किया गया। इसमें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुचि सिंघल आईडब्ल्यूसी मुरादाबाद एसेंस की अध्यक्ष, अदिति सिंह मुंबई की प्रसिद्ध वॉयस ओवर कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता माधुरी सिंह और इशिका सिंह ने किया। शिव मिगलानी और कार्तिक मिगलानी ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। युवान, दर्श, सौम्या, अनुष्का, निर्भय, जस, कियारा, कविश, निशांत, गौरी, दिव्य, मोही, तनुष, आयुषी, आकाश, लाभांश, अदिति आदि ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। बैठक टीम से लिपिका सक्सेना, रचित मनु, आंचल, प्रतीक, ऋषभ, प्रथम सिंह, विशाल सिंह आदि ने आयोजन को सफल बनाया।



## एक नजर

### तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम परशुराम पुत्र धर्मपाल है, जो ग्राम मघपुरी, थाना कांठ, का निवासी है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### घर से बाहर घूमने निकला छात्र लापता, रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर से दोपहर में घूमने निकला छात्र लापता हो गया। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश के बाद थाना में छात्र की गुमशुदगी दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफ नगर निवासी दवीर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 सितंबर की दोपहर को उसका 21 वर्षीय पुत्र फैज़ आलम घर से बाहर घूमने निकला था। शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। मगर कुछ पता नहीं चला। जिस पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव में पसरा रहा सन्नाटा, घरों में कैद रहे लोग

## 2 अक्टूबर के बाद लखनऊ जाएंगे ग्रामीण, मुख्यमंत्री से मिलकर बताएंगे हकीकत

**ठाकुरद्वारा बवाल**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में शुक्रवार को हुए बवाल की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही आरोपी 4 पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी विभागीय जांच चल रह रही है। एसएसपी खुद अपनी निगरानी में जांच करा रहे हैं। हालांकि बवाल के दो दिन बाद भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा है। पुलिस की कार्रवाई के डर से लोग दहशत में हैं। मामले में डीआईजी ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है।

तरफ दलपतपुर निवासी मोनू की ट्रैक्टर के पहिये के नीचे दबकर मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछे करने से मोनू की मौत का पुलिस पर आरोप लगाया था। शुक्रवार को गांव वालों और पुलिस के बीच दो घंटे तक झड़प हुई थी। मोनू की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों को घेर कर पीटा था। सिपाही अनीस और नरेश लाटियान समेत चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद बवाल शांत हुआ था।

एसएसपी औ डीएम समेत अन्य आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उस समय ग्रामीणों ने दो शर्तों पर मोनू का अंतिम संस्कार किया था। पहली कि ग्रामीणों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाए। दूसरी, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। बवाल के दूसरे दिन शनिवार को डीआईजी मुनिराज जी ने घटनास्थल का मुआयना किया था। उन्होंने मृतक मोनू के परिजनों और ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया था।

घटना के दो दिन बाद रविवार को भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। जरूरत पड़ने पर ही लोग घरों से निकल रहे हैं। कार्रवाई के डर से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं। गांव वालों को पुलिस की पिटाई करने पर कार्रवाई का डर सता रहा है। फिलहाल मामले में एसएसपी सतपाल अंतिल अपनी निगरानी में पूरे प्रकरण की पुलिस अधिकारियों से जांच करा रहे हैं।


पुलिस की कार्रवाई के डर से दहशत में ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सीएम से लगाएंगे न्याय की गुहार

तरफ दलपतपुर के लोगों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलने की प्रक्रिया तेज कर दी। ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह ने बताया है कि कुंदरकी में होने वाली चुनावी रैली के दौरान गांव वालों ने डिप्टी सीएम से मिलने का मन बनाया है। मुलाकात न होने पर संभवत: 2 अक्टूबर के बाद सभी ग्रामीण लखनऊ का रुख करेंगे। फिर ग्रामीण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई के डर से गांव के लोग दहशत में है। बवाल के दो दिन बाद भी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। इससे जाहिर कि पुलिस की कार्रवाई के डर से लोग घरों में कैद हो गए हैं।

### विवेक शर्मा को सौंपी ठाकुरद्वारा कोतवाली की कमान

तरफ दलपतपुर में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद एसएसपी ने ठाकुरद्वारा थाना प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित किया था। साथ ही सीओ राजेश को सर्किल से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया था। शनिवार देर रात एसएसपी ने साइबर क्राइम थाना प्रभारी विवेक शर्मा को ठाकुरद्वारा कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही निरीक्षक मनोज कुमार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं विवेक शर्मा ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया।

> ठाकुरद्वारा बवाल की जांच चल रही। साथ ही आरोपी 4 पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी विभागीय जांच जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## सार संक्षेप


भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाते नगर अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने अभियान चलाकर बनाए सदस्य

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को सुना। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी का विशेष सदस्यता अभियान भी चलाया गया। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता को एक निश्चित बूथ दिया गया था। जहां पर मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुनकर 100 प्राथमिक सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर किशन लाल प्रजापति, विश्वास यादव, मनोज ठाकुर, बाबूराम लोधी, नरेश गुप्ता, मनोज ठाकुर, विशाल गुप्ता, ऋषि पाल सिंह, इमरान पाशा, वीरपाल कोली, उमेश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्राफ मना रहा था रंगरलियां, ग्रामीणों का हंगामा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा–मुरादाबाद हाईवे पर स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव का आभूषण विक्रेता डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकान करता है। शनिवार की देर रात ग्रामीणों ने उसे एक महिला के साथ रंगरलियां मनाते हुए पकड़ लिया। इस दौरान काफी हंगामा हुआ। बाद में पंचायत में महिला पर दबाव बनाकर मामला रफा दफा कर दिया गया। आभूषण विक्रेता और एक महिला के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार की देर रात आभूषण विक्रेता अपनी दुकान के निकट रहने वाली महिला के घर पहुंच गया। दोनों कमरे में बंद होकर रंगरेलियां मनाने लगा। परिवार के लोगों को शक हुआ तो उन्होंने वीडियो बनाते हुए शोर मचा दिया जिस पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। इस दौरान आभूषण विक्रेता भीड़ को चकमा देकर फरार हो गया। वहीं ग्रामीणों इस घटना के लिए महिला को दोषी ठहराया। बाद में कुछ लोगों ने पंचायत कर महिला पर दबाव बनाकर मामला रफादफा कर दिया। वहीं डिलारी थाना पुलिस ने घटना की जानकारी न होने की बात कही।



सीएचसी पर मरीजों का परीक्षण करते चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह।

### विश्व हृदय दिवस पर शिविर में 25 मरीजों का परीक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विश्व हृदय दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगाकर 25 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसमें चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि इन मरीजों में नौ शुगर से पीड़ित थे, जबकि बाकी को हाइपरटेंशन थी। उनको दवा के साथ प्रतिदिन सुबह शाम चहलकदमी करने के साथ वर्क आउट करने की सलाह दी गई। शिविर में रंजीत सिंह, मोहित कुमार, गीतांजलि और ऋषभ आदि कर्मचारियों ने सहयोग किया।



ठाकुरद्वारा के बीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में बोलते वक्ता।

### भाकपा की तीन शाखाओं के सचिव नियुक्त

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बैठक बीएस पब्लिक स्कूल में हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि युवाओं, किसानों और महिलाओं की समस्याओं के लिए संघर्ष कर ही पार्टी का विकास संभव है। कार्यकर्ताओं से संगठित होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। कहा कि पूंजीवाद और साम्राज्यवाद का वजूद खत्म होता जा रहा है। इसमें काला झंडा शाखा के लिए सर्वसम्मति से वीर सिंह को सचिव, ठाकुरद्वारा के लिए सईद सिद्दीकी और शरीफ नगर के लिए रउफ को सचिव चुना गया। इसमें रामपाल सिंह, गुलशेर अली, सईद सिद्दीकी, रामपाल सिंह, विक्रम सिंह आदि ने विचार रखे।

### नगर में आज निकलेगी शोभायात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में रामलीला की शोभायात्रा सोमवार सुबह 10 :00 बजे नगर के रामलीला मैदान से निकलेगी। रामलीला के प्रबंधक पं. अवनीश शर्मा ने बताया कि परंपरागत तरीके से रामलीला प्रारंभ होने से तीन दिन बाद त्रयोदशी पर झंडा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान में पूजा अर्चना के बाद संपन्न होगी।

### कबाड़ में निकले सांप ने युवक को डसा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कबाड़ का सामान खरीदने के दौरान अचानक निकले सांप ने युवक को डस लिया। जिस पर परिजनों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नगर के मोहल्ला वार्ड 4 निवासी अफसर अली पुत्र रफीक शाह कबाड़ आदि खरीदने का काम करता है। रविवार को वह रतनपुर रोड स्थित एक दुकान से कबाड़ का सामान खरीदा रहा था। इसी दौरान युवक के हाथ में सांप ने डस लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि इलाज के बाद अब उसकी हालत ठीक है।

# भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** रविवार को नगर में मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। दूसरी ओर ग्राम कुतुबपुर अज्जू में बूथ संख्या 378 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात का 114 वें संस्करण रेडियो पर सुना। इस दौरान ठाकुर अरविन्द कुमार, हाजी मजलूम पाशा, मुकीम पाशा, सुनेपाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, रूद्र पुंडीर, राहुल कुमार, किरनपाल पुंडीर, अरुण ठाकुर, मनोज पुंडीर, राजू सिंह, प्रमोद कुमार पुंडीर, आकाश ठाकुर, लव ठाकुर, वलजीत पुंडीर, नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं नगर में जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान के आवास पर व बांकीपुर जाटनी में जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्शे अली के आवास व अन्य जगहों पर भी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना।

### स्वदेशी अपनाने के लिए किया प्रेरित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाने को प्रेरित किया। क्षेत्र के ग्राम शरीफ नगर बूथ संख्या 65, 66, 67 पर देश के प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद घर–घर जाकर भाजपा के प्राथमिक सदस्य बनाने का कार्य किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप, भीम सिंह चौहान, दीक्षित चौहान, कपिल चौहान, तुलाराम सिंह, स्वतंत्र बाबू, अभय प्रताप, पंकज, मोहित रघुवंशी, मनोज कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# आज होगी बड़ी किसान महापंचायत, मिला समर्थन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति के सामान्य डेलीगेट के चुनाव में अबू नगर के 10 नामांकन खारिज होने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। जिससे नाराज किसान लगातार तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। धरना-प्रदर्शन में कई अन्य किसान संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। वहीं सोमवार को बड़ी किसान महापंचायत करने का ऐलान भी किया है।

पर्चा बहाली की मांग को लेकर रविवार को भी बड़ी संख्या में किसान गन्ना समिति में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। किसानों ने कहा कि गन्ना समिति का चुनाव किसानों का चुनाव है। प्रशासन ने जबरदस्ती बिना किसी कारण के एक ही गांव के 10 नामांकन खारिज किए हैं। किसानों ने कहा कि जब तक पर्चे बहाल नहीं होंगे धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। रविवार को धरना-प्रदर्शन में भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष कर्मेंद्र सिंह भारतीय व किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी भी पहुंचे।


बिलारी में गन्ना समिति में चल रहे धरने में बोलते चौधरी हरपाल सिंह। ● अमृत विचार

- रविवारको भी धरने पर डटे रहे किसान, पर्चा बहाली तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

उन्होंने कहा कि किसानों के चुनाव में सरकार को दखल नहीं करना चाहिए। यह चुनाव किसानों का हक है।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष अरविंद मोहन, डायरेक्टर नरेंद्र चौधरी, चौधरी हुकम सिंह, अजीत बालियान, ग्राम प्रधान नवजीत सिंह, सुनील लाठर, उदय पाल सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### किसानों का हक मार रही है सरकार: हरेंद्र सिंह

**बिलारी, अमृत विचार :** गन्ना समिति के डेलीगेट पद के खारिज किए गए नामांकन पत्रों के विरोध में चल रहे धरना–प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह भी पहुंचे। उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सरकार को किसानों के चुनाव में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ बिलारी में ही नहीं प्रदेश में अन्य कई जगह भी गन्ना समिति के चुनाव में धांधली दी हुई है। सरकार के लोग जबरन पर्चा छीन रहे हैं। यह किसान बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि किसान अपने हक की आवाज उठाना सीखे क्योंकि सरकार लगातार उनके खिलाफ कानून बना रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता के दबाव में खारिज किए गए नामांकन बहाल करने तक किसान आंदोलन करता रहेगा।

# नगर में गंदगी से दुश्वारी झेल रहे वार्डवासी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के बेहड़ा वाला के सभासद के नेतृत्व में मोहल्ले के लोगों ने वार्ड में फैली गंदगी को लेकर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों ने नाला निर्माण करने व सफाई कराने की मांग की।

रविवार को नगर पालिका के सभासद आसिफ सैफी के नेतृत्व में वार्ड 18 निवासी एकत्र हुए। इस दौरान सभासद ने कहा कि वह कई बार नाला निर्माण की मांग नगर पालिका से कर चुके हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वार्ड में गंदगी के कारण लोगों का निकलना दुश्वार हो गया है साथ ही बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। जिस पर गुस्साएं नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सभासद व लोगों का कहना है कि बीच सड़क पर जगह-जगह गंदगी है। जिसकी बदबू से लोगों का घरों में रहना भी दुश्वार हो गया है। साथ ही बारिश होने और पानी की निकासी न होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी से कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। मोहल्ले के यासीन सैफी के बताया कि वार्ड में रहने वाले लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। उन्होंने पालिका से नगर में नियमित सफाई के साथ-साथ उचित तरीके से गंदगी उठाए जाने की मांग की है। इस दौरान अकील सैफ़ी, जाकिर अंसारी, शमशाद हुसैन, शमशेर अहमद, शमशुद्दीन पहलवान, शमशुद्दीन, रियासत, रिफाकत, शानू, छिद्दा हाजी, मोहम्मद नबी, तफसील अहमद, वकील अहमद आदि मौजूद रहे।

- सभासद ने पालिका पर मनमानी करने का लगाया आरोप
- प्रदर्शन कर नाला निर्माण कराने की मांग की

### कमालपुरी खालसा में फैली गंदगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील के ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी कुलदीप चौहान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव में सफाई आदि कराने की मांग की है। पत्र में बताया कि उसने खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं सचिव से कई बार शिकायत की है, लेकिन नाला नालियों की सफाई नहीं की जा रही है। गांव में तैनात सफाई कर्मी भी बाहर रहते हैं। सफाई के अभाव में गांव में हर तरफ कूड़ा कचरा पड़ा रहता है। उन्होंने जांच कराने के बाद गांव में तैनात सफाई कर्मियों से सफाई कार्य करने अथवा उनका स्थानांतरण कराने की मांग की है।

## जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

**कांठ, अमृत विचार:** बड़ौदा वीरान के जंगल में किसानों को तेंदुआ दिखाई देने से दहशत है।

शनिवार को मोहल्ला पट्टी वाला निवासी सुनील कुमार बिश्नोई अपने खेत पर कार्य करने गए थे। खाद डालने के बाद वह बैठकर पानी पीने लगा तभी उसको चकरोड में आता हुआ तेंदुआ दिखाई दिया। जिस पर वह सामान छोड़कर घर को भाग आया। जानकारी पर परिजन व अन्य ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ जा चुका था। मोहल्ला फकीरगंज निवासी वीर सिंह ने बताया कि वह अपने धान की फसल देखने के लिए बड़ौदा वीरान की तरफ गया था तभी उसने एक तेंदुए को गन्ने के खेत में देखा। वापस आकर ग्रामीणों को सूचना दी। किसानों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने बताया कि जंगल जाते समय सावधानी बरतें और टोली में जाएं।


रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# ताड़का वध का हुआ मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर स्थित श्री रामलीला मंदिर पर चल रही रामलीला में रविवार को ताड़का वध का मंचन किया गया।

रामलीला के तीसरे दिन श्री रामलीला आदर्श युवा मंडल बरेली द्वारा ताड़का वध का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि ताड़का अयोध्या के समीप स्थित सुंदर वन में अपने पति और दो पुत्रों सुबाहु और मारीच के साथ रहती थी। विश्वामित्र राजा दशरथ से अनुरोध कर राम और लक्ष्मण को अपने साथ सुंदर वन लाए। राम ने ताड़का का और विश्वामित्र के यज्ञ की पूर्णाहूति के दिन सुबाहु का भी वध कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, धर्मपाल सिंह चौहान, प्रधानाचार्य मदन सिंह, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, शनि कश्यप आदि मौजूद रहे।


हवन में आहुतियां देते लोग। ● अमृत विचार

# हवन में आहुतियां देकर की सुख-समृद्धि की कामना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के मंदिर पौडा खेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा समिति द्वारा पितृपक्ष पर पूर्वजों की शांति के लिए श्रीमद् भागवत कथा कराईं गई थी। इसके समापन पर आयोजित हवन में आहुतियां दी गई।

रविवार की सुबह माता काली मंदिर में पूजन के बाद हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी देवी देवताओं और पितरों के लिए आहुति देने के बाद उनको विदाई दी गई। हवन पं. सर्वेश द्विवेदी और ओम कृष्ण शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। हवन में आशीष जादौन, सत्यम जादौन, संध्या जादौन, महंत राहुल सांवरिया, मोहनलाल शर्मा, ध्रुव शर्मा, तरूण कपूर, नीतू कपूर, गौरव यादव, ममता यादव, तिलक राज चांदना, सुशीला चांदना, निखिल शर्मा, निधि शर्मा, सुरेश पाल सिंह, प्रवेश देवी, डॉ. देवेंद्र शर्मा, राजू गुप्ता व अजय शर्मा आदि शामिल हुए।

**हिंदी पखवाड़ा** | विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में हिंदी पखवाड़े के समापन पर भाषण, निबंध, प्रार्थना पत्र लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्लन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा सम्मुख पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण से किया गया। सरस्वती वंदना दिव्या शर्मा व प्रार्थना शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। डायट के प्राचार्य सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी को सम्मान करना चाहिए तभी पूरी दुनिया में इसकी जयगाथा का गान होगा। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हमें आज हिंदी को बढ़ावा देना चाहिए। डायट प्रवक्ता अंशु गुप्ता ने भी प्रशिक्षुओं को हिंदी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने और इसकी महत्ता पर ध्यान देने को कहा। प्रवक्ता शशि बाला ने हिंदी भाषा को और अधिक बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. लोकेंद्र कुमार ने हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ. नेहा इकबाल, शीतल कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अजय विक्रम सिंह, राशिद अली, आशुतोष त्यागी, डॉ स्नेह लता राव, डॉ. अनिल यादव, डॉ. टीना वर्मा, प्रशिक्षु धर्मेंद्र, शरद, मुस्कान, आकांक्षा, शिवानी, पूजा, रितिका, अक्षिता आदि मौजूद रहे।



विजयी प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार


## कार्यालय ग्राम पंचायत सहदौली विकास खण्ड छजलैट जनपद-मुरादाबाद

अल्पकालीन निविदा

पत्रांक / पराविं / निर्माण कार्य / 2024–25 दिनांक :– 28/9/2024

ग्राम पंचायत सहदौली विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित / मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 05/7/2024 तक 2 :00 बजे तक अपनी–अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापारकर विभाग में पंजीकरण की छाया प्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 9/7/2024 को अपराहन 3 .00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या / नग / माप | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | साम्रगी आपूर्ति अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | जमानत धनराशि (02%) | निविदा मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पाती के घर से पारो के घर तक सी0सी0 टाइल्स नाली मिटटी निर्माण कार्य | 1 | 446899 | 365735 | (02%) | 200 | 03 माह |
| 2. | रनजीत सिंह के घर से मेन सड़क तक सी0सी0 टाइल्स नाली मिटटी निर्माण कार्य | 1 | 268514 | 222599 | (02%) | 200 | 03 माह |
| 3. | श्यामलाल प्रजापति के घर से मोबीन के घर तक सी0सी0 टाइल्स नाली मिटटी निर्माण / मरम्मत कार्य | 1 | 170925 | 130298 | (02%) | 200 | 02 माह |
| 4. | महेन्द्र के घर से अनिल के घर तक सी0सी0 टाइल्स नाली मिटटी निर्माण कार्य | 1 | 154352 | 120088 | (02%) | 200 | 02 माह |

**प्रतिबन्ध / शर्ते :–** 1 :–आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापारकर एवं जी0एस0टी0/टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।, 2 :–निविदा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी।, 3 :–कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

ग्राम प्रधान / सचिव
ग्राम पंचायत सहदौली, विकास खण्ड–छजलैट

एक नजर

## बीईओ ने स्वार ब्लॉक को सुपर 100 में कराया शामिल

रामपुर अमृत विचार : स्वार ब्लॉक के बच्चों को भविष्य संवारने, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विद्यालयों में पठन-पाठन का माहौल बनाने के लिए बीईओ ने ब्लॉक को प्रदेश के सुपर 100 ब्लॉक में शामिल कराया है। स्वार की बीईओ बबिता सिंह ने बताया कि वह ब्लॉक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए अपना श्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगी। इसके लिए प्रथम असेसमेंट के चरण में 156 विद्यालयों की कार्ययोजना-परियोजना लखनऊ को भेजी गई है। इसके लिए अध्यापकों को एफएलएन प्रशिक्षण में निरंतर मोटिवेशनल कार्यक्रम व गतिविधि कराई जा रही हैं। शिक्षकों को निपुण लक्ष्य एप से आंकलन करने, दीक्षा का प्रयोग करने तथा निपुण तालिका को तिथि के साथ अपडेट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्कूल में अनुशासन व बच्चों को गृहकार्य देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। बीईओ ने बताया कि पूर्व में महानिदेशक ने सेल्फ नॉमिनेशन मांगे थे। उन्होंने फतेहगंज और संभल को भी नामांकित कराया था। अब जनपद में बच्चों के भविष्य को संवारने, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विद्यालयों में पठन-पाठन का माहौल बनाने के लिए स्वार को सुपर 100 में शामिल कराया गया है।



बीईओ बबीता।

# वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा तेंदुआ

## तेंदुआ पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, वीडियो बना रहे ग्रामीण को घायल किया

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव करखेड़ा के जंगल में रविवार सुबह तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वीडियो बना रहे एक ग्रामीण को तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुट गई। उसे पकड़ने के लिए धान के खेत में जाल बिछाया गया। ट्रेंकुलाइजर की सहायता से वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ लिया। टीम उसे पीलीभीत के जंगल में छोड़ने के लिए ले गई। तेंदुआ पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

थाना क्षेत्र के गांव करखेड़ा निवासी एक ग्रामीण रविवार सुबह 8 बजे पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गया था। वहां उसे गन्ने के खेत के पास फंदे में फंसा तेंदुआ दिखा। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को देख तेंदुए ने जोर लगाकर फंदे की जंजीर तोड़ दी और मोबाइल से वीडियो बना रहे एक स्कूल के प्रबंधक शकील पर हमला कर दिया। लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ भागकर धान के खेत में छिप गया। सूचना पाकर पुलिस और डीएफओ राजीव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए को पकड़ने के लिए जेसीबी से कांबिंग शुरू कर दी। वन विभाग की टीम ने धान के खेत में जाल बिछाया। निगरानी के लिए ड्रोन का प्रयोग भी किया।

नगर पालिका से जेसीबी और एक स्काई लिफ्ट मंगाई गई। इस पर पीलीभीत से आए डॉ. दक्ष गंगवार व टीम के अन्य सदस्य सवार होकर तेंदुए की तलाश करने लगे। तेंदुआ धान के खेत से गन्ने के खेत में घुस गया। डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइजर गन से उसके शरीर पर डार्ट का निशाना साधकर उसे मूर्छित कर दिया। इसके बाद चिकित्सक ने उसे एक और इंजेक्शन लगाया। पूरी तरह बेहोश होने के बाद टीम तेंदुए को पिंजरे में कैद करके पिकअप से पीलीभीत ले गई। इस दौरान डीएफओ राजीव कुमार के अलावा वन क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश राम, रेंजर शिव शंकर यादव, बलविंदर सिंह, शिवम, शील कुमार, कुंदन सिंह भंडारी, प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।



धान के खेत में जेसीबी से तेंदुए की तलाश करता चालक।



बेहोश तेंदुए को उठाकर ले जाते वन विभाग के कर्मचारी।

### 9 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

तेंदुआ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में हलचल मच गई। धीरे-धीरे करके यह खबर आसपास के गांवों में भी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद डीएफओ टीम के साथ मौके पहुंच गए। इसके बाद कांबिग शुरू की गई। करीब 9 घंटे की मेहनत के बाद तेंदुए को पकड़ लिया गया।

### मसवासी और स्वार में भी पकड़े जा चुके हैं तेंदुएं

काफी समय से मसवासी, स्वार, टांडा और दढ़ियाल में तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही है। इससे ग्रामीणों में दहशत बनी है। स्वार, मसवासी और दढ़ियाल में तेंदुआ देखे जाने के बाद लोगों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया था। वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा था।

ग्राम करखेड़ा में तेंदुए की सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया। 9 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेंकुलाइजर की मदद से वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ लिया। उपचार के बाद उसे पीलीभीत के वन में छोड़ा जाएगा।

-राजीव कुमार, डीएफओ

सार संक्षेप

## संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में अनिका रहीं प्रथम

रामपुर अमृत विचार : संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को मुरादाबाद के कौशल्या इंटर कालेज में हुआ। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रामपुर के कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की कक्षा 12 की छात्रा महक बी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि, संस्कृत वाचन में सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर की छात्रा अनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिका अब राज्य स्तर पर लखनऊ में प्रतिभाग करेंगी। जनपद स्तर पर संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम महक बी और संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अनिका को एक-एक हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप मिले। मंडल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा महक बी को एक हजार तथा अनिका को दो हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मंडल स्तर पर विजयी छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर कार्यक्रम की आयोजक कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव एवं जनपद संयोजिका सुनीता देवी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विजयी होने पर पुरस्कार लेती छात्रा।



छात्रा को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य ममता विष्ट।

## बिलासपुर की तीन छात्राओं का मेडिकल में प्रवेश

बिलासपुर, अमृत विचार : आरएएन पब्लिक स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने नीट उत्तीर्ण कर ली है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता विष्ट ने बताया कि पवनीत सिंह ने 690/720 अंक हासिल कर राम मनोहर लोहिया मेडिकल कालेज लखनऊ, अनन्या गर्ग ने 658/720 अंक हासिल कर सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज हल्द्वानी तथा अंगद सिडाना ने 623/720 अंक हासिल कर राम मूर्ति मेडिकल कालेज बरेली में प्रवेश लिया है। विद्यालय के अध्यक्ष पूर्व विंग कमांडर एचके राय, डायरेक्टर मोहित राय, एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय एवं समस्त अध्यापकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

# जिले में बन चुके हैं 2.50 लाख सदस्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले में लगभग 2.50 लाख सदस्य बन चुके हैं। इस संख्या को तेजी के साथ बढ़ाया जाएगा।

सिविल लाइन की आदर्श कॉलोनी स्थित भाजपा नेता प्रभात अग्रवाल के आवास पर रविवार को जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू व अन्य पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाते हुए सभी बूथों पर 100 सदस्य बनाने का संकल्प पूरा किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर 4 लाख के ज्यादा सदस्य बनाने का आंकड़ा पूरा करेंगे। पदाधिकारियों से भी सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

इस मौके पर जिला सह मीडिया प्रभारी शिवा शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, देवेश गुप्ता, भाजपा नेता प्रमोद आहूजा, अशोक सैनी, सभासद हरि बाबू, राज बसंत प्रजापति, अजय अरोड़ा, महेंद्र सिंह गोल्डी, राधेश्याम अरोड़ा, प्रदीप आदि मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई।

### भाजपाइयों ने लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

भोट, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों के बारे में बताया। केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। रविवार को जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी के नेतृत्व में सनैया जट गांव में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लालता प्रसाद लोधी, रमेश सैनी, महेश, सुबोध श्रीवास्तव, महेश कुमार, राहुल राजपूत, अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला भूवरा के वार्ड 3 के बूथ नंबर 30 शिव मंदिर पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम लाइव देखा गया। हरिओम मौर्य ने अपने बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को सुना एवं देखा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया एवं मेड इन इंडिया पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी त्योहारों पर यदि किसी को उपहार दें तो क्षेत्रीय उत्पादों को वरीयता दें। भारत का बना कोई भी प्रोडक्ट अमूल्य है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हरिओम मोर्य, संजीव कुमार वर्मा, लाखन सिंह, मदन लाल चंद्रा, सुभाष मौर्य, पवन मौर्य, महिपाल दिवाकर, सोमपाल, रामगोपाल, किशोरी लाल, देवेंद्र, दयानंद भगत जी, महेश पाल, जितेंद्र मौर्य आदि शामिल रहे।

# वोकल फॉर लोकल को अपनाने की जरूरत : हरीश डुडेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने कहा कि हमें वोकल फॉर लोकल को समझने और अपनाने की जरूरत है। इससे बेरोजगारी कम होगी। विशाल सक्सेना ने छात्रों से स्थानीय उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया।

जैन इंटर कॉलेज में सेवा सप्ताह के तहत वोकल फॉर लोकल विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें शिक्षक मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि स्थानीय वस्तुओं का उत्पादन, उपयोग और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। यही वोकल फॉर लोकल का मूल उद्देश्य है। इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा। इससे देश का पैसा देश में ही रहेगा और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षक मुनीश चंद्र शर्मा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल को जनता ने स्वीकार करते हुए दीपावली के अवसर पर चीन में बनी वस्तुओं के स्थान पर अपने देश के बने दिए, खिलौने आदि का अधिक उपयोग किया जाए। संभाषण में गीतांश शर्मा, आयुष सक्सेना, तलहा, कृष्णा कासिम जैद, अतीक, मुजीब उननबी, बॉबी सिंह चंदेल, सुशील यादव, लालेंद्र राय, किशोर कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए।



शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉ. तरुण।

## हृदय दिवस पर 100 से अधिक मरीजों का किया परीक्षण

रामपुर अमृत विचार : नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के साथ मिलकर विश्व हृदय दिवस के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. विनोद कुमार, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. विजेंद्र गजराज, डॉ. तरुण कुमार यादव, डॉ. राहत अली ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में डॉक्टरों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की एजीएम डॉ. उजमा कमर ने कहा कि दिल स्वास्थ्य की कुंजी है। इसलिए दिल का ध्यान रखें और स्वस्थ जीवन का आनंद लें। इसके बाद फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन दिल के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, हृदय से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने, लोगों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर 100 से ज्यादा मरीजों को परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के आरआई दीपक राजवंशी, एओ प्रतीक मधुर, सजल सक्सेना, फैजान सैयद, रिंकू राज, अमिशा सक्सेना, श्वेता शर्मा, मुसफ्फा एवं फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन से चेयरमैन राजकुमार सेठी, महामंत्री आजम खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खुर्शीद इकराम, संजय भाटिया, शाहिद खान, माजिद खान, शिशिर बंसल, नवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



मोहल्ला बाबा दीप सिंह नगर में प्रदर्शन करते लोग।

# सड़क बनवाने को किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बाबादीप सिंह नगर के निवासियों ने रविवार को सड़क और पार्क बनवाने के लिए प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

रविवार को बाबादीप सिंह नगर में रहने वाले लोगों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सड़क एवं पार्क बनवाने के लिए शासन एवं नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार पत्र दिए। नगर पालिका के अधिकारियों ने कई बार नपाई भी की। लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। इसके चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांग थी कि प्रशासन बाबा दीप सिंह नगर में पार्क और सड़क का निर्माण कराए। प्रदर्शन करने वालों में राकेश कुमार, विनोद कुमार, नंद किशोर, बाबा मुकुद आनंद, राजेश पाल, सुरेश कुमार, विक्की, अलंकार शुक्ला आदि शामिल रहे।

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृति कार्यक्रम

रामपुर, अमृत विचारः ज्ञान मंदिर पुस्तकालय मिस्टन गंज में हिंदी पखवाड़ा के तहत रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की हिंदी भाषी लोक नृत्य की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें श्री हरि इंटर कॉलेज प्रथम, विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय व रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में प्रथम रहे अजय कुमार को समिति के सौजन्य से व हाई स्कूल की छात्रा कामिनी गंगवार को विजय अग्रवाल के सौजन्य से साइकिल दी गई। मुख्य अतिथि रितेश प्रसाद श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार सिंघल, डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. निलय सक्सेना ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रवेश कुमार रस्तोगी, रविंद्र गुप्ता राजीव अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, आशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिक्षिका को अंग्रेजी में मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शिक्षण को रुचिपूर्ण बनाने तथा मनोरंजक तरीके विकसित करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) की मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कालेज अमरोहा में हुआ। इसमें राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज की शिक्षिका को अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान मिला।

टीएलएम की इस प्रदर्शनी में मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों में कार्यरत हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र विषयों को पढ़ाने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने स्वयं निर्मित टीएलएम सामग्री के साथ प्रतिभाग किया। इसमें जनपद की ओर से प्रतिभाग करते हुए राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका जयति कथूरिया ने अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान तथा राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज ने मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में गणित विषय में तृतीय स्थान प्राप्त करके जनपद का नाम रोशन किया।

संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का राज्य स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए निर्णायक मंडल ने चयन किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने जनपद का नाम रोशन करने वाली शिक्षिका जयति कथूरिया तथा गणित के शिक्षक सुधीर यादव को बधाई दी और शिक्षण में इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



शिक्षिका को सम्मानित करते संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार द्विवेदी

प्रतियोगिता

- अमरोहा के राजकीय बालिका इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

## सम्मेलन में आर्य समाज के 10 नियमों पर हुई चर्चा

रामपुर/ शाहबाद अमृत विचार : आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान गंगाराम ने कहा कि आर्य समाज के विश्व कल्याण के लिए नियमों के अनुसार जीवन व्यतीत करने के साथ मानव जीवन के 3 मुख्य कर्मों को अवश्य करना चाहिए। यज्ञ] दान और संगतिकरण एवं स्वाध्याय यज्ञ से प्रदूषण की समाप्ति होती है। अनेक प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिलती है। आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से शाहबाद स्थित जनहित कमला ईडन गार्डन इंटर कॉलेज में सम्मेलन हुआ। इसमें आर्य समाज के मंत्री ओमवीर सिंह ने सर्वमान्य सार्वभौमिक सिद्धांत तथा आर्य समाज के 10 नियमों पर चर्चा करते हुए विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कहा कि 10 नियम विश्व कल्याण के लिए ही बनाए गए हैं। अगर इन नियमों के अनुसार आज का देश और समाज चल जाए तो देश और समाज का ही नहीं विश्व का कल्याण भी हो सकता है। इसके बाद भक्तों ने आर्य समाज के नियमों पर आधारित वक्तव्य प्रस्तुत किए। विश्व कल्याण के 10 नियमों की सराहना भी की। कहा कि सभी को इन 10 नियमों पर को आधार मानकर ही जीवन व्यतीत करना चाहिए। तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि हमें वेद ज्ञान अवश्य प्राप्त करना चाहिए। सम्मेलन में प्रधान गंगाराम आर्य, विद्याराम आर्य, वरुण मुनी, करममुनि, हरनाम सिंह आर्य, अतराज सिंह आर्य, जगपाल सिंह आर्य, राजवीर सिंह आर्य, राहुल आर्य, राजकुमार आर्य, गजेंद्र सिंह, हरिदत्त कर्मठ, भारत सिंह आर्य आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता कन्हैयालाल और संचालन विजेंद्र सिंह आर्य ने किया।

मंचन

ज्वालानगर में गणेश पूजन के साथ शुरू हुई प्रभु श्री राम की लीला

# नारद मोह, रावण जन्म देख भक्त हुए भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रविवार को श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन शुरू हो गया। इसकी शुरूआत पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने गणेश पूजन करके की। शहर में 3 स्थानों पर होने वाली रामलीला की शुरुआत हो चुकी है।

श्रीहरि आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से रविवार से सिविल लाइन में रामलीला शुरू हो गई। इसका शुभारंभ कमेटी के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना करके किया। ज्वालानगर में पूर्व राज्यमंत्री ने गणेश पूजन के साथ फीता काटकर आरंभ किया। कलाकारों ने नारद मोह, रावण जन्म आदि का मंचन किया। सिविल लाइन में नारद मोह का मंचन किया गया।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ. तेजवीर यादव, नवनीत सक्सेना, अनुज सक्सेना, संजू बाबा शर्मा, मोहित मेहरोत्रा, डॉ. अनिल, देवेश गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, विनोद, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, दिनेश कश्यप, आशु गुप्ता, अंकुश सक्सेना, पीयूष कुमार, संतोष प्रसाद, विक्की सक्सेना, अखिलेश बिसरिया, धर्मवीर यादव, राहुल शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश सक्सेना, अमरनाथ तनेजा, राकेश जुनेजा, नवीन भाटिया, पवन कुमार बांगा, राजेंद्र सिडाना आदि मौजूद रहे।



ज्वालानगर में भगवान श्री गणेश के पूजन के दौरान मौजूद पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना एवं अन्य।

### प्रभु श्रीराम के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा

स्वार, अमृत विचार : श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्री रामलीला के मंचन का उद्घाटन स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया। कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार के साप्ताहिक बाजार स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला का मंचन नारद मोह से शुरू हुआ। विधायक ने फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। विधायक ने लोगों से श्री राम के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इससे पूर्व मोहल्ला स्वार खास स्थित प्राचीन मंदिर से ध्वज यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर विधायक के पुत्र उमेर अंसारी, कमेटी अध्यक्ष कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, दीपक कुमार नागर, अर्जुन शर्मा, इस्लाम अंसारी, अकील अंसारी आदि मौजूद रहे।

### नारद मोह व रावण जन्म की लीला का किया मंचन

उत्सव पैलेस में श्री सनातन रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रविवार को मुख्य अतिथि राजेश गोयल, शलभ गोयल, संजय गुप्ता ने आरती करके रामलीला की शुरूआत की। इसके बाद कलाकारों ने नारद मोह, रावण जन्म, रावण दिग्विजय का मंचन किया। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, विनीत कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## संतों की रक्षा को अवतार लेते हैं भगवान

रामपुर अमृत विचार : कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कथा के पांचवें दिन भक्तों को बताया कि संतों की रक्षा के लिए भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं तथा पूतना, सकटासुर व कंस आदि राक्षसों के वध का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया गया। गो सेवा गोपाल सेवा समिति की ओर से आदर्श कालोनी स्थित आदर्श धर्मशाला में कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचक ने पांचवें दिन कहा कि कृष्ण भगवान ने बाल लीला करते हुए माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराकर बताया कि मैं ही परम पिता परमेश्वर हूं। मैं लीला करने के लिए ही पृथ्वी पर आया हूं। इस मौके पर सन्देश कुमार, नरेश शर्मा, राम कुमार प्रजापति, रामकिशोर शर्मा, अशोक शर्मा, हरि बहादुर सक्सेना, रतन प्रकाश, ओमप्रकाश कंबोज आदि मौजूद रहे।

इश्तियार

आज दिनांक 20.09.2024 को ग्राम जाजरू खास थाना व तह० नौगावा सादात जनपद अमरोहा मैं शिव मंदिर की नई सीमिति के गठन के लिए खुली पंचायत का आयोजन मंदिर प्रांगणन में किया गया जिसमे सर्व सहमति से गणमान्य व्यक्तियों में बीच में श्री चंद्रपाल सिंह पाल को नया अध्यक्ष व श्री पूरन दत्त शर्मा जी को उपाध्यक्ष व श्री लोकेन्द्र सिंह जी को कोषाध्यक्ष व श्री सुरेन्द्र सिंह जी को सचिव और श्री रमेश चंद वर्मा जी को संरक्षक के रूप ने नियुक्त किया गया है।

आदेशानुसार- समस्त ग्राम वासी, ग्राम जाजरू खास थाना व तह० नौगावा सादात जनपद अमरोहा

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.)
Contact: 7500277920, 7500223290 | Email: teamindia5050@gmail.com
T&C Apply

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम् ॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

**भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना

**विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।**

भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए भी जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थितियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

**वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।**

का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

**आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।**

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

- फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

**प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।**


मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण



जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

## एक नजर

### घर में घुसे भेड़िये ने बकरी को दबोचा

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद की मढ़ैया निवासी ब्रह्मपाल के घर में रविवार को देर शाम भेड़िया घुस गया। भेड़िया ने बकरी को दबोच लिया और लेकर जाने लगा। बकरी मिमियाई तो ग्रामीण भी लाठी डंडे लेकर दौड़ पड़े। इस बीच भेड़िया बकरी को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों में भेड़िये की दस्तक से खौफ का माहौल है। ग्रामीणों ने भेड़िया को पकड़वाने की मांग उठाई।

### सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाकर प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** संभल तहसील क्षेत्र के गांव मऊ भूड़ निवासी राम भरोसे, अमरजीत, शफीक, रफीक, पूनम, सत्यवती, श्यामकली, बाला देवी, वीरवती, अकरम, अंसार सहित आदि लोगों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल खसरा खतौनी व विरासत दर्ज कराने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग करता है। सुविधा शुल्क देने से मना करने पर लेखपाल काम न करने और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देता है।

# आयुर्वेद को अपनाकर करें खानपान का प्रबंधन

## संभल कल्कि महोत्सव के प्रथम सत्र में बोले आयुर्वेदाचार्य डा. विश्वरूप चौधरी, दूसरे में शिक्षा विमर्श गोष्ठी में बेहतर शिक्षा पर हुआ मंथन

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** जनपद के स्थापना दिवस सात संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डा. विश्वरूप चौधरी ने आयुर्वेद पर चर्चा करते हुए केवल दिनचर्या बदलने से ही दवा से छुटकारा मिलने की बात कही। आयुर्वेद से बड़ी-बड़ी बीमारियों का उपचार संभव होने की बात कही।

बड़ा मैदान पर चल रहे संभल कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज कमलेश, डीएम राजेंद्र पैंसिया, डा. विश्वरूप व आचार्य मनीष ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद आयुर्वेदाचार्य विश्वरूप चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि खानपान समय परिवर्तन से अपने स्वास्थ्य को ठीक रखा जा सकता है। समय प्रबंधन से ही दवाइयां को छोड़कर सभी बीमारियों का उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि बेहतर जीवन जीने के लिए प्रत्येक गतिविधि समय से करनी होगी।

सुबह 8:00 बजे के बाद भोजन करना चाहिए। शाम 6:00 बजे के बाद भोजन नहीं करना चाहिए। रात्रि में भोजन या कोई अन्य खाद्य पदार्थ नहीं लें, क्योंकि हमारा शरीर और इसके अन्य अंग इस आधार पर काम करते हैं। रात्रि में किडनी दिन के बदले कम कार्य करती है। उन्होंने तमाम प्रक्रियाओं के तहत जोड़ों का दर्द, शुगर, बीपी, कैंसर जैसी बड़ी-बड़ी बीमारियों से ठीक रखा जा सकता है। आचार्य मनीष ने कहा कि आयुर्वेद से विभिन्न बीमारियों के उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तो वहीं डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग और आयुर्वेद को अपनाना चाहिए। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसीएमओ डॉ पंकज बिश्नोई, जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कबंशी सहित आदि मौजूद रहे। संचालन वाईपी जोशी ने किया।


संभल कल्कि महोत्सव में आयुर्वेद पर चर्चा करते डॉ .विश्वरूप चौधरी।


महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।


संभल कल्कि महोत्सव का शुभारंभ करते जिला जज एवं जिलाधिकारी।

# बेहतर शिक्षा और भविष्य बनाने को लेकर हुआ मंथन

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** दूसरे सत्र में आयोजित शिक्षा विमर्श गोष्ठी का शुभारंभ शिक्षाविद बेंगलुरु यूनिवर्सिटी के प्राचार्य संदीप तथा शिक्षाविद मनु तायल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद डीएम ने शिक्षा को लेकर मौजूद जनपद के शिक्षकों को कर्मयोगी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को शिक्षित कर अपना कर्म करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हर एक व्यक्ति शिक्षित होकर महान बन सकता है। बिना शिक्षा के मनुष्य कुछ भी नहीं। बैंगलोर यूनिवर्सिटीइ 1 के प्राचार्य संदीप ने 21वीं शदी में शिक्षा को लेकर अच्छे आयाम के बारे में बताया तो वही शिक्षाविद मनु तायल ने शिक्षा को लेकर देश में बेहतर कार्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट डीआईओएस बेदराम बीएसए अलका शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### आज होगा पद्मश्री कैलाश खेर का भक्तिमय कार्यक्रम

**बहजोई।** कल्कि महोत्सव के तीसरे दिन प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर का सोमवार को भक्ति मय कार्यक्रम होगा। वह शाम को 7 :30 बजे बाद मैदान पर पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने खासी तैयारी की है। जहां सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं तो वहीं प्रचार प्रसार के लिए ग्राम प्रधानों को लगाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र से लोगों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है।

### छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

**बहजोई।** कल्कि महोत्सव में परिषदीय विद्यालयों से पहुंचे बच्चों व कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने भक्ति गीत पर प्रस्तुति दी। अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चंदौसी की बालिकाओं ने जब प्रस्तुति दी तो सभी मौजूद लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

# आरोग्य मेले में आए 534 चर्म रोगी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद में बुखार, दमा और अन्य रोगों के साथ ही चर्म रोग तेजी से फैल रहा है। अब सच्चाई मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में सामने आई। मेले में सर्वाधिक 534 चर्म रोग के मरीज आए। मेले में 3621 मरीजों का निशुल्क उपचार करते हुए 143 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में 37 चिकित्सकों और 113 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1425 पुरुषों, 1333 महिलाओं और 863 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 143 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। मेले में बुखार के 208, चर्म रोग के 534, दमा के 272, मधुमेह के 46, नेत्र रोग के 61 मरीज सामने आए। 85 रोगियों की मलेरिया जांच की गई तथा 19 रोगियों की डेंगू की जांच हुई। हालांकि सभी मरीज निगेटिव पाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही।

जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया।


स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

- **3621 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार, 143 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बने**

### खेत पर जा रही युवती के पीछे दौड़ा भेड़िया

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खेत पर जा रही युवती के पीछे भेड़िया दौड़ा तो युवती ने भागकर किसी तरह जान बचाई। घर पहुंचकर युवती ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों और ग्रामीणों ने वन विभाग से भेड़िये को पकड़ने की मांग उठाई है।

थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी निवासी मंदराजी की बेटी रमकांता रविवार को दोपहर में खेत पर जा रही थी। बताते हैं कि खेत से निकलकर भेड़िया रमकांता के पीछे दौड़ा। उसने भेड़िये को देखा तो शोर मचाते हुए दौड़ लगा दी। युवती ने किसी तरह भागकर जान बचाई। घर आकर परिजनों को जानकारी दी। बताते चलें कि गांव ततारपुर घोसी में शुक्रवार को जंगली जानवर ने हमला कर युवती और ग्रामीण को घायल कर दिया था। देर रात ग्रामीणों ने जंगली जानवर को घूमते हुए देखा तो भेड़िया होने का दावा किया। तभी से ग्रामीण भेड़िये को पकड़ने की मांग उठा रहे हैं।

# शब्दों के टंकार बिठा लहजे में खुद्दारी रख, जीने की...

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** संभल कल्कि महोत्सव के रात्रि सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बाहर से पहुंचे कवियों ने एक से एक बढ़कर कविताओं की प्रस्तुति दी। कवियों ने कविताओं की प्रस्तुति पर श्रोता तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। कवियों ने ऐसा समां बांधा कि चारों ओर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।

बड़ा मैदान पर चल रहे संभल कल्कि महोत्सव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी व डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कवि सौरभकांत शर्मा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। नैनीताल से आईं कवयित्री गौरी मिश्रा ने कहा कि भक्ति भाव से अपना तन मन करता जो पारायण है, एक दिवस वह स्वयं आत्मिक पा जाता नारायण है। कानपुर से आए हास्य कवि हेमंत पांडे ने कहा कि एक-एक प्रेमिका को बांट कर ले गए, जो नहीं माना उसे डांट कर ले गए, जिस पेड़ से बंधा था मुहब्बत का धागा, नगर निगम वाले उसे भी काट कर ले गए। स्थानीय कवि सौरभ कांत शर्मा ने कहा कि जिसको पा हिंदी इतराती वह बेटा देवकीनंदन है, त्यागी रामौतार हमी हम जीत की पुरण मासी हैं। कवि शिव ओम अंबर ने कहा कि शब्दों के टंकार बिठा लहजे में खुद्दारी रख, जीने की ख्वाहिश है तो मरने की तैयारी रख। कवि रमेश विश्वहार ने कहा कि भावनाओं में है कामनाओं में है तेरा चेहरा मेरी कल्पनाओं में है। हास्य कवि अमन अक्षर ने कहा की तन किशोरी को किशोर से बचाइए तो मन को हमारे जैसे चोर से बचाइए। कवि चराग शर्मा ने कहा कि मैं चाहता हूं मेरा दिल दिया दिखाई दे जो जल रहा है वह जलता हुआ दिखाई दे। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से एक बढ़कर कविता की प्रस्तुति दी। कविता को सुनकर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, सोम प्रकाश वार्ष्णेय, दिवाकर गुप्ता समेत तमाम श्रोता मौजूद रहे। संचालन कवि डॉ.सौरभ कांत शर्मा ने किया।


बहजोई में आयोजित संभल कल्कि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में कविता पाठ करतीं कवयित्री।

**आयोजन**

- **अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने कविताओं की दी प्रस्तुति**
- **कविताओं पर श्रोताओं ने जमकर बजाई तालियां**

# 7 बच्चों के पिता ने किया निकाह पहली पत्नी ने किया हंगामा

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में सात बच्चों के पिता ने पहली पत्नी को छोड़कर युवती से निकाह कर लिया। साल भर तक पहली पत्नी को दूसरे निकाह का पता नहीं चलने दिया। राज खुलाने पर पहली पत्नी ने हंगामा खड़ा कर दिया। पंचायत ने इस मामले में आधी जमीन पहली पत्नी के नाम कराने का फैसला सुनाया है।

थाना क्षेत्र एक गांव का 45 वर्षीय व्यक्ति विवाह शादियों में बैंड बजाने का काम करता है। वह छह बेटियों व एक बेटे का पिता है। इस व्यक्ति का दूसरे गांव की युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। दो वर्ष पहले व्यक्ति ने पहली पत्नी को बिना बताए प्रेमिका के साथ निकाह कर उसके रहने के लिए किराए का कमरा लेकर दे दिया। शक न हों इसके लिए कभी कभार घर आकर पत्नी को खर्च के रुपये देता रहा। पत्नी व बच्चे घर आने को पूछते तो वह काम के सिलसिले में बाहर होने की बात कह देता था। इस बीच पहली पत्नी को किसी तरह पति के दूसरे निकाह की बात पता चली तो वी उसके कमरे पर जा पहुंची और पति को रंगे हाथ पकड़ लिया। पहली पत्नी ने हंगामा खड़ा किया तो पंचायत बैठाई गई। पंचायत ने आधी जमीन पहली पत्नी के नाम कराने का फैसला सुनाकर मामले का निपटारा कर दिया।

**प्रेम प्रसंग**

- **पंचायत ने सुनाया फैसला, पहली पत्नी के नाम करनी होगी आधी जमीन**

### जिला बदर और फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचारः** कैला देवी थाना क्षेत्र में गांव कैलमुंडी से सिसौना जाने वाले रास्ते पर स्थित पुलिया के पास खड़े जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद हुआ। यह दो माह से गांव के ही लोगों के साथ फायरिंग करने के आरोप में फरार था।

थाना क्षेत्र के गांव कैलमुंडी निवासी जिला बदर का आरोपी अवधेश रविवार को गांव से सिसौना जाने वाले रास्ते की पुलिया के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अवधेश को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस के अवधेश के पास से तमंचा बरामद हुआ। बताया गया कि जुलाई महीने में अवधेश और दूसरे पक्ष के ऋषिपाल व अशोक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया था कि ऋषिपाल, अशोक व अवधेश के बीच फायरिंग हुई थी।

# असंतुलित होकर बाइक से गिरी वृद्धा, जान गई

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गंगा स्नान के लिए राजघाट जा रही वृद्धा की बाइक से गिरने से मौत हो गई। वृद्धा पूर्वजों के श्राद्ध भोज में शामिल होने मायके आई हुई थी।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव ऐंचौली निवासी धर्मवीर की पत्नी सुखदेई उर्फ सूखी (65 वर्ष) शुक्रवार को पूर्वजों के श्राद्ध में शामिल होने अपने मायके गांव भकरौली आई हुई थी। रविवार को सुखदेई ने पड़ोस के युवक टीटू से गंगा स्नान के लिए राजघाट ले जाने के लिए कहा। जिसके बाद सुखदेई को टीटू बाइक पर बैठा कर राजघाट ले जा रहा था। बबराला-राजघाट मार्ग पर गांव मीरमपुर के पास साइकिल सवार किशोर अचानक गांव के रास्ते से सड़क पर आ गया तो टीटू ने ब्रेक लगाए। जिससे असंतुलित होकर सुखदेई बाइक से गिर गई और उसका सिर सड़क से टकरा गया। गंभीर हालत में सुखदेई को सीएचसी गुन्नौर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने सुखदेई को मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को गांव गांव ऐंचौली ले गए।

### करंट से झुलसे बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट से झुलसे बुजुर्ग की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव गंगहेटा निवासी हप्पू (65 वर्ष) 20 दिन पहले घर की छत पर टहल रहा था। तभी ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट से झुलस गया था। परिजनों ने उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई।

### पूर्व सभासद और परिजनों से मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में पूर्व सभासद व उसके बेटों और पत्नी के साथ मारपीट की गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला डेरा सराय निवासी पूर्व सभासद आसिम के बेटे आशिक का आरोप है कि एक व्यक्ति शनिवार की देर शाम अपने बेटे को लेकर घर में घुस आया। आरोप है कि पिता पुत्र ने आशिक, उसकी मां व पिता आसिम और भाई के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। मुहल्ला के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो पिता पुत्र धमकी देते हुए उसकी जेब में रखे दो हजार रुपये भी निकालकर साथ ले गए। मारपीट की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे की वीडियो में भी पिता पुत्र मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। आशिक ने पिता पुत्र के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की।

## सार-संक्षेप

### एआरटीओ कार्यालय में लगेंगे नए सिस्टम

**संभल, अमृत विचार :** शासन ने एआरटीओ कार्यालय के लिए 6 .91 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से कार्यालय में नए कम्प्यूटर लगने के साथ वायरिंग और अन्य कार्य होगा। जिसके बाद कार्यालय में कामकाज बेहतर तरीके से शुरू हो सकेगा। अगस्त महीने में आसमान से बिजली गिरने की वजह से एआरटीओ कार्यालय पर लगे बीएसएनएल के टावर का फाउंडेशन क्षतिग्रस्त हुआ था। कार्यालय के करीब आधा दर्जन कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि भी खराब हो गए थे। इतना ही नहीं, वायरिंग ने भी जवाब दे दिया था। जिस कारण कार्यालय में कुछ दिनों तक कामकाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कामकाज शुरू कराया गया। शासन से 9 लाख रुपये का बजट मांगा गया। अब शासन ने 6 .91 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से नए कम्प्यूटर, प्रिंटर, राउटर आदि खरीदने के साथ ही वायरिंग भी नई बिछाई जाएगी। अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। सामान की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से होगी। जिसके बाद एआरटीओ कार्यालय में कामकाज रफ्तार पकड़ सकेगा।



बबराला में रैली निकालते सीनियर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### उज्ज्वल भविष्य के लिए नशे से दूर रहें युवा

**बबराला, अमृत विचार :** एक युद्ध, नशे के विरुद्ध अभियान के तहत दवा कारोबारियों ने नगर में अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने युवाओं और कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की सलाह देकर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। रविवार को सीनियर कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने घरों और प्रतिष्ठानों पर नशा विरोधी स्लोगन लिखे स्टिकर चिपकाए। महामंत्री अनिल गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जन- जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। नगर में अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर लोगों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि युवाओं को मादक पदार्थों, नशीली दवाओं और ड्रग्स से दूर रहना चाहिए। अभियान के दौरान युवाओं को भी नशीली दवाओं और ड्रग्स से दूर रहने की अपील करते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष विवेक वर्मा, मुकेश गर्ग, रमन कुमार, संदीप महाजन, उमेश वार्ष्णेय, डॉ . प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### उत्पीड़न से बचने के लिए एकजुट रहें व्यापारी

**बबराला, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव गोयल ने कहा कि उत्पीड़न से बचने के लिए व्यापारी परिवार की तरह एकजुट रहें। बैठक में छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों ने कई समस्याओं को उठाया। रविवार को अपने आवास पर आयोजित व्यापारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव गोयल ने कहा कि व्यापारी सरकार को टैक्स देने के अलावा लोगों के लिए रोजगार का प्रावधान करते हैं लेकिन उनके लिए सरकार की ओर से कोई योजना नहीं है। सरकार से मांग है कि हर छोटे से छोटे व्यापारियों को मेडिकल और बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। व्यापारी नेता राजेश गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों के स्वाभिमान से कोई भी खिलवाड़ नहीं होने देगा। बैठक में प्रदेश सचिव उमाकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रितेश गोयल, युवा इकाई के मंडल उपाध्यक्ष अमन बंसल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, बृजेश शर्मा, राम शर्मा, अरविंद गुप्ता, प्रशांत वार्ष्णेय, ऋषभ यादव, निशांत गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रशांत गौतम, आकाश वर्मा, इरफान सैफी, सुरेश अग्रवाल, कमल कुमार, अनमोल वर्मा, अफजल जिलानी, योगेंद्र यादव आदि रहे।

**इंडिया एक्सपो मार्ट** — इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टालों पर हस्तशिल्प उत्पादों की हुई खरीदारी

# विदेशियों को भाए डेकोरेशन के उत्पाद व ज्वैलरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगे इंटरनेशनल ट्रेड शो में संभल और सरायतरीन में हड्डी सींग से निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों का जलवा बरकरार है। स्थानीय लोगों के अलावा विदेशी बायर्स को डेकोरेशन के अलावा ज्वैलरी और फोटो फ्रेम खूब भाए तो खरीदारी भी की।

हर स्टाल पर करीब 50 हजार रुपये के उत्पादों की बिक्री होने से निर्यातक भी उत्साहित रहे। वहीं कई निर्यातकों से विदेशी बायर्स ने हस्तशिल्प उत्पादों के आर्डर देने को बात भी की। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में संभल के आधा दर्जन से अधिक निर्यातकों के स्टॉल लगे। जिन पर हड्डी सींग से बने हस्तशिल्प उत्पादों की धूम मची है। स्थानीय लोगों के अलावा विदेशी बायर्स ने फोटो फ्रेम, ट्रे, ज्वैलरी, डेकोरेशन के सामान को खूब पसंद किया। हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी भी की। स्टालों पर फोटो फ्रेम 200 रुपये से लेकर 500 रुपये तक का रहा तो ट्रे 400 रुपये से 1000 रुपये के बीच में रही। बॉक्स 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के रहे। इसके अलावा डेकोरेशन के उत्पाद और ज्वेलरी भी मुनासिब दाम में उपलब्ध रही तो लोगों ने खूब खरीदारी की। नीलकंठ एंटरप्राइजेज के कमल कौशल वार्ष्णेय का कहना रहा कि ट्रेड शो कारोबार की दृष्टि से ठीक रहा। हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री हुई है। आर्डर को लेकर विदेशी बायर्स ने बात भी की है। वहीं डेकासा डेकोर के मोहम्मद आसिफ ने कहा कि करीब 50 हजार रुपये के हस्तशिल्प उत्पाद बिके हैं। करीब 20 विदेशी बायर्स ने जानकारी ली है। इन विदेशियों से हस्तशिल्प उत्पादों के ऑर्डर मिलने की पूरी उम्मीद है। वहीं अन्य निर्यातकों में भी हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी होने से खुशी का माहौल बना है।


ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में संभल के स्टाल पर मौजूद पद्मश्री डा . रजनीकांत।

- **निर्यातकों को विदेशियों से ऑर्डर मिलने की उम्मीद**
- **संभल के आधा दर्जन से अधिक निर्यातकों के स्टॉल लगे**

# भाकियू की पंचायत में उठे किसानों के शोषण के मुद्दे

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली में हुई भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत में जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि जब तक किसान संगठित नहीं होगा, तब तक शोषण रुकने वाला नहीं है। इसलिए जनपद के किसान भाकियू अराजनैतिक के बैनर तले संगठित होने के काम करें।

पंचायत में जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि बिजली विभाग किसानों का व्यापक पैमाने पर शोषण कर रहा है। सरकार द्वारा निजी नलकूप के लिए बिजली बिल माफी की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी। इसके बाद भी विभाग किसानों पर मुकदमे दर्ज करा रहा है। जिन किसानों के बिजली बिल जमा हैं, उन पर भी कार्रवाई हो रही है। पंचायत में गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग उठी। गन्ना समितियों के चुनाव की प्रक्रिया में धांधली का मुद्दा भी उठा। कहा गया कि 80 फीसदी डेलीगेट के पर्चे ही खारिज कर दिए गए। चुनाव में धांधली नहीं रोकी गई तो आंदोलन का रास्ता तय करना मजबूरी होगी। पंचायत में युवा मंडल अध्यक्ष वीरेश यादव, सत्यवीर सिंह, शिशुपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष असमोली सचिन त्यागी, राजेश यादव, नरेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, कैप्टन सर्वेश सिंह, रविन्द्र सिंह पप्पू, हासिम अली, नंदू त्यागी, विजय सिंह, विपिन कुमार आदि रहे।

- **गन्ना समितियों के चुनाव प्रक्रिया में धांधली की भी चर्चा हुई**

## एक नजर

### जीआरपी ने लौटाया यात्री का छूटा बैग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लिंक एक्सप्रेस ट्रेन की स्लीपर बोगी में यात्री का बैग छूट गया। जिसे जीआरपी कर्मियों ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद बैग को यात्री के सुपुर्द कर दिया। शनिवार को दिल्ली निवासी राज नारायण देहरादून- इलाहाबाद लिंक एक्सप्रेस में स्लीपर बोगी एस-1 में सफर कर रहे थे। चन्दौसी से अलीगढ़ के बीच यात्री का बैग छूट गया। जो बाद में ट्रेन में चल रहे जीआरपी सिपाहियों ने बैग को अपने कब्जे में ले लिया। जिसे बाद में यात्री के सुपुर्द कर दिया गया।

### भाजपाइयों ने बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को देखा

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़, अमृत विचार :** रविवार को कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र में छाबड़ा मंडल के भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव देखा। कार्यक्रम के बाद बूथ पर विशेष सदस्यता अभियान चला कर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को पार्टी के टोल फ्री नम्बर पर मिस काल कर भाजपा के सदस्य बनाया | बूथ नम्बर 382 पर सुमित कुमार सिंह, 348 पर होते लाल शर्मा, 354 पर राकेश मौर्य, 398 पर विवेक मिश्रा, 403 पर जेके शर्मा, 391 पर महेंद्र सिंह पाल, 400 पर रामनरेश यादव, 368 पर विजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने भाजपा सदस्य बनाये।

### चोरी की झूठी सूचना देने में दो गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में नशे की हालत में एक लाख रुपये की नकदी और बाइक चोरी होने की झूठी सूचना देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी पुष्पेंद्र गांव के ही व्यक्ति को साथ बाइक पर सवार होकर शराब के ठेके पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर पुष्पेंद्र व दूसरा व्यक्ति दोनों शराब के ठेके के अंदर चले गए। थोड़ी देर बाद ठेके से बाहर आए तो पुष्पेंद्र को बाइक खड़ी हुई दिखाई नहीं दी। जिसके बाद गवर्नर के फोन से पुष्पेंद्र ने डायल 112 पुलिस को बाइक व उसमें रखे एक लाख रुपये चोरी होने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा तो बाइक वहीं ठेके के बाहर खड़ी हुई थी। झूठी सूचना देने की वजह के बारे में पुलिस ने पूछताछ की। आरोप है कि शराब के नशे में पुष्पेंद्र व दूसरा व्यक्ति जोर जोर से चिल्लाने लगे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# बस ने ठेले में टक्कर मारी, 8 घायल

## गांव आटा के निकट हादसा, हालत गंभीर होने पर सभी व्यापारी हायर सेंटर रेफर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा स्थित हाइवे पर प्राइवेट बस ने पीछे से ठेले ( इंजन चलित ) में टक्कर मार दी। जिससे ठेले पर बैठे 8 फल व्यापारी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरोप है कि घटना स्थल पर पहुंचे लोगों ने चार व्यापारियों की जेब से 60 हजार रुपये व मोबाइल निकाल लिया। वहीं घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी लतेश पुत्र रामवीर, मनोज व रोहताश पुत्रगण गंगाराम, धनारी रेलवे स्टेशन के निकट निवासी नरेंद्र व पुष्पेंद्र पुत्रगण यादराम, संजय पुत्र ताराचंद्र, दिनेश पुत्र चंद्रपाल, पप्पू पुत्र रामेश्वर आदि फल व्यापारी रविवार की सुबह छह बजे ठेले पर बैठकर चन्दौसी मंडी समिति से फल



घायल का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी।

- ग्रामीणों ने 4 फल व्यापारियों की जेब से निकाले 60 हजार रुपये व मोबाइल

खरीदने आ रहे थे। सुबह साढ़े सात बजे ठेला बहजोई रोड स्थित गांव आटा के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे में ठेले पर बैठे सभी लोग छिटक कर गिरे और घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सभी व्यापारियों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। फल व्यापारी पप्पू, संजय, दिनेश व पुष्पेंद्र ने बताया कि घटना के बाद वह बेहोश हो गए, तो आसपास के ग्रामीणों ने पहुंच उनकी जेब से 60 हजार रुपये व एक मोबाइल निकाल लिया।

### पिकअप व टेंपो में टक्कर, चालक सहित 3 लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर के पास सड़क किनारे खड़े टेंपो को संभल की ओर से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी नरौली लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया। रविवार की सुबह 8.30 बजे संभल मार्ग पर सराय सिकंदर चौराहा पर चालक टेंपो में सवारी बैठा रहा था। तभी संभल की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक राजकुमार उर्फ राजू निवासी सिलेटा की मढ़ैया, हरवीर पुत्र जीवाराम निवासी सराय सिकंदर व कार्तिक पुत्र शिव कुमार निवासी गांव सिलेटा घायल हो गया। जिन्हें नरौली सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### घर में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव निवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर कला निवासी डॉ. नव कुमार विश्वास बंगाली डॉक्टर के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। शनिवार को वह मथुरा गए थे। ग्रामीणों के अनुसार वह नवरात्र के त्यौहार के चलते मूर्ति लेने मथुरा गए थे। उनकी पत्नी रेवती विश्वास और दो बच्चे घर पर थे। रविवार सुबह उनकी पांच साल की बेटी जानवी सोकर उठी तो अपनी मां रेवती विश्वास को आवाज लगाई। काफी देकर तक रेवती ने आवाज नहीं दी तो जानवी मां को देखने कमरे में गई। जहां रेवती विश्वास का शव पंखे पर फंदे पर लटका था।

### पुलिस चौकी के पास बेसुध पड़ा रहा बुजुर्ग, हुई मौत

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के पास घंटों तक अज्ञात बुजुर्ग बेसुध पड़ा रहा। एंबुलेंस से बुजुर्ग को जिला अस्पताल लाया गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर अज्ञात बुजुर्ग का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला चौधरी सराय में स्थित पुलिस चौकी के पास रविवार को दोपहर बाद एक बुजुर्ग बेसुध पड़ा हुआ था। आने जाने वाले राहगीर बुजुर्ग को नशे की हालत में पड़ा सोचकर मार्ग से निकलते रहे। शाम तक शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो कोई व्यक्ति पास पहुंचा। व्यक्ति ने देखा तो बुजुर्ग की सांसें चल रही थीं। बुजुर्ग को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पंचनामा भरकर अज्ञात बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। अज्ञात बुजुर्ग के शव की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



शपथ लेते मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी संगठन के सदस्य।

# स्वच्छता के लिए कार्य करने की शपथ ली

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी ने स्वच्छ भारत समृद्ध भारत पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। साथ स्वच्छता के लिए कार्य करने की शपथ ली।

रविवार बैंक रोड स्थित श्री सनातन धर्म पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रजेश सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि नरेश राघव, चन्द्रशेखर व भूपेन्द्र सिंह रहे। ब्रजेश सिंह चौहान ने कहा कि स्वच्छता से समाज, देश व एक-एक नागरिक मजबूत होता है। स्वच्छ समाज ही देश को आगे ले जाता है। पदाधिकारियों ने मानवाधिकार पर विस्तार से समझाया। साथ ही स्वच्छता के लिए कार्य करनी की शपथ दिलायी गई। अध्यक्षता विनय कुमार व संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह, पंकज सोलंकी, योगेन्द्र सिंह यादव, बिरेन्द्र, राजकुमारी, ममता, पूनम रानी, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मरम्मत के चलते कई क्षेत्रों की बिजली रही बाधित

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल बिजलीघर के स्विचयार्ड में आइसोलेटर के अनुरक्षण कार्य के चलते कई फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। करीब छह हजार उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। चार घंटे बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी।

बिजली विभाग ने रविवार को संभल बिजलीघर के स्विचयार्ड में आइसोलेटर के पार्ट्स को बदलने का काम शुरू कराया। इस कार्य के चलते सुबह 7 बजे से टाउन 2, टाउन 3, टाउन 4 और एसडीएम कोर्ट फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई। ऐसे में करीब छह हजार उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब 11 बजे काम पूरा होने पर बिजली आपूर्ति सुचारू की गई, तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि अभी एक आइसोलेटर के पार्ट्स बदलने का काम हुआ है। बाकी आइसोलेटरों को लेकर भी काम होना है। ऐसे में उपभोक्ताओं को धैर्य बनाए रखने की जरूरत है।

### आज भी आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र से जुड़े मालगोदाम रोड, लक्ष्मण गंज, सुभाष रोड, रानी रामकली बाग, रायसत्ती, आजाद रोड, श्रीधाम कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। इसके अलावा मौलागढ़ उपकेंद्र से जुड़े वैष्णो विहार, भवानीपुर, आवास विकास, संस्कार वैली, घटलेश्वर गेट, बहेड़ी वाला ताल क्षेत्र की भी विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### विश्वविद्यालय परिसर में तैयार होगा क्रिकेट ग्राउंड

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में छात्रावास के पास क्रिकेट ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। इसके लिए शासन ने 50 लाख रुपये आवंटित कर दिए हैं। परिसर में खड़े पेड़ों को काटने की अनुमति मिल गई है और जल्द ही ग्राउंड तैयार किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग में एक दर्जन से अधिक खेलों का संचालन किया जा रहा है। अब इसमें क्रिकेट भी शामिल होने वाला है। क्रिकेट ग्राउंड के लिए छात्रावास के सामने की जगह को चिह्नित किया गया है। अभी छात्र पिच बनाकर अभ्यास कर रहे हैं। ग्राउंड तैयार होने के बाद यहां पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जाएगा। क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पेड़ों के कटान की अनुमति मिल गई है। जल्द ही ग्राउंड तैयार किया जाएगा।

# 189 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय युवा समूह की ओर से श्री बारहसैनी सेवा सदन में वार्ष्णेय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 2024 में वार्ष्णेय समाज के उन सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनके अलावा स्नातक, परास्नातक, व्यवसायिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वालों का भी सम्मान किया गया। समारोह का आरंभ नगर पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि साहू खान चंद्र फूड्स के डायरेक्टर मौसम गुप्ता व रागिनी गुप्ता रहे। अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि व संगठन के पदाधिकारी।

- श्री वार्ष्णेय युवा समूह की ओर से आयोजित हुआ समारोह

के बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में होते रहने चाहिए। अक्रूरजी एजूकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन पवन गुप्ता ने कहा कि समाज के बच्चे व्यापार हो या शिक्षा, मानव सेवा हो या देश सेवा सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट हो सकते हैं, जब उनकी शिक्षा का स्तर भी उच्च हो। देश भर में अब बालिकाओं को आधुनिक शिक्षा देने व दिलाने का दौर चल रहा है। ऐसे में अब समय का तकाजा है कि हर घर में अपनी लाड़ली बेटी को भी उच्च शिक्षा दिलाने में समाज आगे आए। 189 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय, सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी सुमनेश कुमार वार्ष्णेय, किशन कुमार, प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता, रीना चौधरी, रानू वार्ष्णेय, गुड्डी रानी, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, विनीत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** सहज पार्थ समाज सेवा समिति की ओर से आयुष्मान भवः अभियान के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। समिति प्रबंधक एवं पार्थ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वीरेश कुमार सिंह ने बताया आयुष्मान भवः अभियान जो प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी स्तर तरक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल और सुविधाएं प्रदान करना व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करना है। एक भी जरुरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न



शिविर में रक्तदरान करता युवक।

रहे। इस उद्देश्य से अभियान का आरंभ किया है। डॉ. टीएस पाल ने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य में कोई हानि नहीं होती। इस अवसर पर सतीश सिंह, हरिओम शर्मा, अनुरुद्ध शंखधार, संगीता सिंह, विक्रांत गोयल, धनवती देवी, रविंद्र, प्रताप सिंह, शिवानी यादव, श्याम सुंदर, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

### हत्या करके शव जलाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**इस्लामनगर (बदायूं), अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत हो गई। मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति, जेठ-जेठानी, देवरों समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या करने और साक्ष्य मिटाने आदि के मामले में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जिला मुरादाबाद थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव खुर्रम नगर बिचोला निवासी हाकिम सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने छोटी बेटी सोनी (22) की शादी 6 जून 2023 को इस्लामनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर सबका निवासी मोनू के साथ किया था। आरोप है कि शादी में दिए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित करते थे। 28 सितंबर दोपहर लगभग ढाई बजे शादी कराने वाले बिचौलिया अरविंद ने फोन करके सूचना दी कि ससुरालीजनों ने सोनी को मार दिया है।

# ट्रस्ट की ओर से संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद ट्रस्ट की ओर से रेलवे स्टेशन नजदीक संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया।

इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, विशाल शर्मा, डॉ. विजय कृष्णा, डॉ. वैभव कृष्णा, जेएन मिश्रा, राजकुमार सक्सेना ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, हरीश शर्मा ने पकड़ लो हाथ रघुराई, नहीं तो डूब जाएंगे, राजू शर्मा ने नगरी से



सुंदरकांड का पाठ करते लोग।

अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो आदि भजन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो हुए। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कल्पना वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, जयपाल सिंह, पीएन शर्मा, गुलशन अरोरा, नीरज शर्मा, मुकेश शर्मा, गंगाराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर किया सम्मानित

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप की ओर से सहेली संगोष्ठी का आयोजन आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में किया गया। जिसमें जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के 6 प्रांतों उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के 325 लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व उपाध्याक्ष एसपी चतुर्वेदी व सेंट्रल कमेटी मेंबर मुकेश अग्रवाल मौजूद रहे। फेडरेशन अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कहा कि आपने पारिवारिक जीवन में से समाज सेवा के समय निकालकर जायन्ट्स में अपना योगदान दिया, इसके लिए नए ग्रुप व सदस्यों को जायन्ट्स परिवार में शामिल होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस




जायंट्स ग्रुप के कार्यक्रम में संबोधित करतीं वक्ता व मंचासीन अतिथि।

**संगोष्ठी**

- उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के 325 लोग हुए शामिल

दौरान सक्रिय यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा, क्षमा अग्रवाल, योजना गुप्ता, अनीता अग्रवाल, आशा अवस्थी, अपर्णा सिंह, प्रीति पोरवाल, अनीता प्रधान, राखी मित्तल, बबिता शर्मा के साथ नया ग्रुप शुरू करने के लिए विपन मित्तल व जितेंद्र कुमार को स्मृति चिहिन देकर सम्मानित किया। कृष्ण अवतार गुप्ता ने सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर डॉ. सुधा चौधरी, शिवराज यादव, राजेश बजाज, अभिलाषा प्रजापति, साधना शर्मा, शिखा शर्मा, पद्मा भार्गव आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** थाना बनियाठेर के ग्राम बनियाखेड़ा में हो रही है रामलीला

# लंका दहन के मंचन पर हनुमान जी के जयकारे गूंजे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के ग्राम बनियाखेड़ा में चल रही रामलीला के 9वें दिन कलाकारों ने लंका दहन का मंचन किया। जिसे देख दर्शक हनुमान जी की जय-जयकार कर उठे।

श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के तत्वावधान में शिव मंदिर पर रामलीला में दिखाया गया कि प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर हनुमान जी मां सीता की खोज में सागर लांघ कर लंकापुरी में प्रवेश कर जाते हैं। वहां उनका सामना सुरसा और लंकिनी नामक राक्षसियों से होता है। जिन्हें हनुमान जी अपने बुद्धि व बल से परास्त कर देते हैं। इससके बाद अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट करते हैं। और उन्हें प्रभु श्री राम का संदेश देकर उनका कुशलक्षेम



ग्राम बनियाखेड़ा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

पूछते हैं। भूख से व्याकुल होने पर माता सीता की आज्ञा लेकर लंकापति के उद्यान से कंदमूल फल खाते हैं। साथ ही उद्यान उजाड़ कर माली को घायल कर देते हैं। हनुमान जी के द्वारा उद्यान उजाड़ने की खबर पाकर रावण क्रोधित होता है, अपने पुत्र अक्षय कुमार को युद्ध के लिए भेजता है। अक्षय कुमार और हनुमान जी के मध्य भीषण युद्ध होता है। हनुमान जी अक्षय कुमार का वध कर देते हैं। उसके बाद रावण मेघनाथ के लिए युद्ध करने भेजता है। जो ब्रह्मपास में बांधकर हनुमान जी को लंकापति के दरबार में ले आता है। उद्यान उजाड़ने और अक्षय कुमार का वध करने पर रावण सभा के मध्य हनुमान जी को मृत्यु दंड का आदेश सुनाता है। तभी वहां विभीषण आ जाते हैं और दूत को मृत्यु दंड देना अनुचित बताकर हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने का सुझाव देता है। रावण के मंत्री हनुमान जी की पूंछ पर कपड़ा और तेल लपेटकर आग लगा देते हैं। इसके पश्चात हनुमान जी सारी लंका को आग लगा देते हैं। सीता माता की आज्ञा व निशानी चूड़ामणि लेकर रामदल को लौट आते हैं।

### ऋषि वशिष्ठ ने दशरथ के चारों पुत्रों का किया नामकरण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग भवन में श्री वाल्मीकि रामायण कथा के पांचवें दिन कथा वाचक डॉ. लवी मैत्री ने कहा कि भगवान के अवतार लेने के बाद ऋषि वशिष्ठ ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का नामकरण किया । कहा कि नाम ऐसा होना चाहिए जिसका कोई तात्पर्य हो, कोई व्याख्या हो, कोई अर्थ हो, इसी कारण गुरु वशिष्ठ ने चारों भाइयों के अर्थ पूर्ण नाम रखे। भगवान राम तीनों माताओं से बहुत प्रेम करते थे। जब राम खेलने जाते तो तीनों भाई उनके साथ होते। गुरुकुल में रहते हुए भगवान राम गुरु की सेवा करते थे। सभी अयोध्यावासी भगवान राम से अत्यधिक प्रेम करते थे और विचार करते थे कि श्रीराम ही शीघ्र हमारे राजा बने। इस अवसर पर प्रदीप कुमार अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, जिवेंद्र अग्रवाल, अनिल कुमार, अनुज कुमार, विनय, सोम प्रकाश अग्रवाल, राकेश कुमार, वरुण बंसल आदि मौजूद रहे।



कथा वाचक डॉ. लवी मैत्री।

### पंवासा ब्लॉक को उत्तम बनाने का निर्णय

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बृजेश यादव की टीम 1001 के कार्यकर्ताओं ने एमएसवाई इंटर कॉलेज परिसर में हुई आयोजित बैठक में पंवासा विकास खंड को उत्तम विकास खंड बनाने का निर्णय लिया।

युवा, किसान, जनप्रतिनिधि और शिक्षकों ने लोगों को प्रेरित किया। कॉलेज के प्रबंधक मोरध्वज सिंह यादव ने शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि व्यवस्था व लोगों की मूल आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की। कहा कि विकास खंड के सभी गांवों में पढ़ने के लिए पुस्तकालय बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। टीम 1001 के संस्थापक बृजेश यादव ने कहा कि किसान, मजदूर, महिलाओं, बुजुर्गों व बेरोजगारों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



श्रीमद भागवत कथा के दौरान उदघोष करते श्रद्धालु।

# जब धर्म पर विपदा आती है तब भगवान लेते हैं अवतार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गांव सिंहपुरसानी में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित त्रिशान्त कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब जब धर्म पर विपदा आती है, उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है।

कथा व्यास ने कहा कि पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के दो भक्त जय और विजय श्रापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर पैदा हुए थे। कोनहारा के तट पर गंडक नदी में पानी पीते समय हाथी का पांव मगरमच्छ ने पकड़ लिया। छुटकारा पाने के लिए हाथी मगरमच्छ से लड़ता रहा।

कथा वाचक ने कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर व्यक्ति जीवन मृत्यु से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार महाराज बलि ने सब कुछ भगवान वामन को समर्पित कर भगवान को ही प्राप्त किया था।




## एक नजर

### तेंदुए ने नील गाय के बच्चे को बनाया निवाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीरगढ़ के जंगलों में रविवार की दोपहर करीब तीन बजे तेंदुए ने नीलगाय के बच्चे पर हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना लिया। जानकारी होने पर किसान मौके पर पहुंचे और किसानों ने तेंदुए को देखकर गांव वालों को सूचना दी। जिस पर गांव के लोग लाठी-डंडे लेकर जंगल की तरफ दौड़े। गांव वालों के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ वहां से चला गया। बताते चलें कि तेंदुआ हर रोज जिले में अलग-अलग स्थान पर जानवरों पर हमला कर अपना शिकार बन रहा है।

### बंद मकान के ताले तोड़कर सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मंडी धनौरा/बछरायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला चौधरियान में शमशाद का परिवार रहता है। 30 अगस्त को परिवार सहित बाहर गए थे। इस दौरान ताले तोड़कर चोर घर में घुस गए व दो मोबाइल फोन, गैस सिलेंडर आदि घरेलू सामान ले गए। 27 सितंबर को जब घर वापस लौटे तो घटना का पता चला। मोहल्ले के रईस ने भी घर से मोबाइल फोन चोरी होने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने दो युवकों पर चोरी का शक जाहिर किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि चोरी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला की बरामदगी को अलीगढ़ मार्ग किया जाम

## कुछ दिन पहले महिला को बहलाकर ले गया था गांव का युवक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग को महिला की बरामदगी की मांग को लेकर महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण महिला की बरामदगी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से नोंकझोक भी हुई। मौके पर पहुंचे विधायक के पुत्र के आश्वासन पर ग्रामीण मान गए और जाम खोल दिया।

बता दें कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव चकफेरी वाला मेहरपुर निवासी युवती की शादी आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में हुई थी। परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पहले महिला को पास के ही गांव का रहने वाला दूसरी बिरादरी का युवक अपहरण कर अपने साथ ले गया। जब यह जानकारी परिजनों को लगी तो परिजन थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।


अलीगढ़ मार्ग पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

● विधायक के पुत्र के आश्वासन पर ग्रामीणों ने खत्म किया जाम

आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर बैठ गए और अलीगढ़ मार्ग जाम कर दिया। जाम लगने की सूचना मिलते ही कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। परिजनों की मांग है कि महिला को जल्द बरामद किया जाए तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी के आश्वासन पर ग्रामीण मान गए और जाम खोल दिया।


ग्रामीणों से वार्ता करते विधायक के पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी व साथ में अन्य।

### अलीगढ़ मार्ग ढाई घंटे तक रहा जाम

**हसनपुर, अमृत विचार :** महिला की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ तीसरे मिल पर अलीगढ़ मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम लगने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब ढाई घंटे तक प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठे रहे। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने।

## सार संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने गुरुकुल में की सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गुरुकुल में अभियान चलाकर सफाई की। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत झम्मन लाल पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने ग्राम कांकाठेर स्थित गुरुकुल में रविवार को सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने गुरुकुल एवं मार्ग पर सफाई की और क्षेत्रवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।


सफाई करते छात्र।


पौधरोपण करते चेयरमैन व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### चेयरमैन ने सभासदों के साथ किया पौधरोपण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पालिका ने नगर के कलाली रोड स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क के वेस्ट टू वंडर पार्क में सफाई अभियान चलाया। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व स्वच्छता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल ने सभासदों के साथ पौधरोपण किया। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। इसलिए बीमारियों से बचाव के लिए भी अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रत्येक मानव को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, लेखा लिपिक सोनू कुमार, आरती शर्मा, सभासद राजू बादशाह, अफजाल, सतीश, विशाल शर्मा, कृष्ण कुमार, निशांत यदुवंशी, संजीव कुमार, महेंद्र सिंह, सुनील प्रजापति, जीतेश कुमार, देवेश, प्रत्यक्ष शर्मा, मनोज कुमार, राजकुमार सहित आदि रहे।


विलाप करते परिजन व महिलाएं।

### युवक का शव घर पहुंचते ही मची चीख पुकार

**मुबारिजपुर/आदमपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव हाजीपुर खादर निवासी अनिल कुमार पुत्र भोजराज शनिवार को हरियाणा से मजदूरी करके घर लौटे तो जनपद संभल के रजपुरा क्षेत्र में घरेलू सामान लाते समय उनकी सड़क हादसे मे मृत्यु हो गई थी। दूसरे दिन शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि अनिल अपने परिवार की मजदूरी करके गुजर बसर कर रहा था। मृतक के परिवार में दो बेटे व एक बेटी है। पत्नी राजेन्द्री का बुरा हाल है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**बुरावली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ग्रामीण अंचल में भी सुना गया। क्षेत्र के गांव तरौली में बूथ अध्यक्ष अमरीश नागर के आवास पर ईश्वर चंद्र भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रुखालू के साथ ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं जो सकारात्मक और प्रेरणादायक बातें सुनना पसंद करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम सफल रहा। इस अभियान में बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदार तक शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने एक वृक्ष मां के नाम जैसे अभियानों के प्रति जागरूकता पर बल दिया। इस मौके पर प्रमोद नागर, प्रदीप नागर, अनुज नागर, पुखराज सिंह, अमरीश नागर, भूदेव, रोहतास सिंह, हरनंदन सिंह, सुमित नागर, नरेंद्र नागर, सतीश नागर रहे।


बैठक से पहले एकत्र किसान संगठन के लोग। ● अमृत विचार

# गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की बैठक शिव मंदिर कुटी दौलतपुर कलां में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता लोकेश बिधूड़ी ने किया।

रविवार को बैठक में प्रदेश महासचिव दिमाक सिंह प्रधान ने कहा कि दो अक्टूबर को विजय घाट पर किसान सम्मान दिवस में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पहुंचना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह अंबावता के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में युवा जिला अध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने कहा कि गन्ने के भाव को 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। इस मौके पर कमरुल इस्लाम को ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी नियुक्त किया। इस मौके पर मोहम्मद वारिस को ब्लॉक उपाध्यक्ष, शाकिर अली ब्लॉक सचिव, मोहम्मद मुशीर अहमद को सदस्यता दिलाई गई।

इस दौरान प्रवीण कुमार युवा जिला उपाध्यक्ष, लोकेश विधूड़ी युवा जिला अध्यक्ष, सतपाल सिंह युवा मंडल अध्यक्ष, शाकिर अली, रामपाल सिंह, हितेंद्र सिंह ,कुलबीर सिंह, सोनू सिंह जिला सदस्य, मुशीर अहमद रहे।

### लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, वसूला जुर्माना

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा ने टीम के साथ कार्रवाई की। गजरौला-चांदपुर रोड गांव पत्थर कुटी के पास चल रही चेकिंग के दौरान मंडी सचिव ने लकड़ी से लदे ट्रक यूपी20एटी9374 को रोका।

चेकिंग में पता चला कि ट्रक में करीब 288 क्विंटल सफेदा लकड़ी लदी हुई थी। चालक ने इसे मंडी धनौरा से चांदपुर जिला बिजनौर ले जाने का दावा किया, लेकिन उसके पास मंडी समिति से संबंधित कोई भी आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने 2534 रुपये मंडी शुल्क, 1267 रुपये विकास सेस और 38010 रुपये का जुर्माना लगाया। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने कहा कि कई व्यापारी फर्जी तरीके से लकड़ी अमरोहा के हसनपुर मंडी व धनौरा से बिजनौर जनपद ले जाते हैं। इस तरह से वे टैक्स से बचने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए मंडी समिति कार्य कर रही है। टीम में जितेंद्र कुमार, रामफूल सिंह, सतपाल सिंह मौजूद रहे।


विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते मोहल्लेवासी। ● अमृत विचार

# बिजली का खंभा बदलवाने के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** हसनपुर नगर के झकड़ी अड्डा मार्ग स्थित शिवाला मंदिर के निकट 13 दिन पहले एक बिजली का खंभा सड़क पर टूटकर गिर गया था। इसकी सूचना मोहल्ले वासियों ने विद्युत विभाग को दी थी। लेकिन 13 दिन बाद भी नया खंभा नहीं लगाया गया है। इस लापरवाही से नाराज मोहल्ले वासियों ने रविवार सुबह प्रदर्शन किया।

विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मोहल्ले वासियों ने कहना कि 16 सितंबर की रात बीच सड़क पर बिजली का खंभा गिर गया था। मोहल्लेवासियों ने घटना की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दी। लेकिन विभाग ने 13 दिन बाद भी नया खंभा नहीं लगाया गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों ने कहा कि सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की। प्रदर्शन करने वालों में भगवान दास, घनश्याम प्रजापति, राजवीर, गंगाधर, इंद्रपाल, पप्पू, सोनू, किरणपाल, हरकेश, श्याम प्रजापति, महेश प्रजापति, राजू, करिश्मा, मुनेश, सविता, चंचल, कमलेश, अंगूरी देवी, उषा देवी आदि मौजूद रही।

### महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या की कोशिश

**गजरौला, अमृत विचार :** पति से परेशान महिला ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद आरपीएफ ने सतर्कता दिखाते हुए बचा लिया। बता दें कि रविवार की दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी महिला रेलवे स्टेशन पर पहुंची, उसी समय एक मालगाड़ी आ रही थी। वह मालगाड़ी के आगे कूदकर खुदकुशी करने के लिये प्रयास करने वाली थी, स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए उसे बचा लिया। पुलिसकर्मियों ने उसे समझाकर उसकी हौंसला बढ़ाया और परिजनों को भी बुलवाया और उन्हें सुपुर्द किया। बता दें कि महिला अपने शराबी व जुआरी पति की हरकतों से तंग थी। बार-बार समझाने के बाद भी उसका पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, इस कारण उसने खुदकुशी की ठानी, हालांकि आरपीएफ की सतर्कता से उसकी जान बच गई।


सफाई अभियान के दौरान जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब भरतियाग्राम के सदस्य।

# जुबिलेंट फाउंडेशन ने गंगा के किनारे की सफाई

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब भरतियाग्राम ने तिगरी में गंगा के किनारे सफाई की। जेबीएफ के कार्पोरेट हेड व जुबिलेंट के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट विवेक प्रकाश ने भी इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से अपील की कि गंगा में कूड़ा-कचरा, पूजन सामग्री आदि न डालें। कहा कि यदि सभी लोग जागरूक हों तो गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

रविवार को दोनों संगठनों की टीमें गंगाधाम तिगरी पहुंची। यहां सभी ने गंगा के तट पर बिखरी गंदगी को एकत्र किया और झाड़ू लगाई। गंदगी उठाई और उसे ट्रैक्टर-ट्राली में भरवाकर गजरौला में पालिका के डंपिंग ग्राउंड में भिजवाया। इस दौरान वहां घाट पर मौजूद लोगों, ग्रामीणों और दुकानदारों से अपील की गई कि गंगा स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें। गंगा में न तो खुद गंदगी डालें और न ही किसी अन्य को डालने दें। इस मौके पर जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जेबीएफ में मेडिकल हेड डॉ. सुजिंदर फोगाट, सुनील सिंह, पवन दहिया, पुनीत गुप्ता, अरुण गुप्ता, अरुण त्यागी, अरुण कटियार, बृजेश, सतेंद्र, शिक्षक जोगिंदर सिंह, विपिन पांघाल, प्रशांत, सचिन, रेनू वर्मा, अंजू दीक्षित, ममता गुप्ता, स्वाति, दीपा गुप्ता, मधु, छवि त्यागी आदि समेत अनेकों मौजूद रहे।

कार्यक्रम | जिले में भाजपाइयों ने जगह-जगह सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात, देशहित में काम करने की अपील की

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया का महत्व बताया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष ने साथियों के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात की 10 वर्ष की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है, जिसमें हर कार्यक्रम के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं।

रविवार को झकड़ी अड्डे के निकट पालिका अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में बूथ संख्या 59 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें मन की बात से सम्मान मिलता है। जब मैं मन की बात के लिए आईं चिट्ठियों को पढ़ता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है। वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके बारे में जानकार मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। कार्यक्रम के दौरान नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, धर्मेंद्र ठाकुर, सोनू सैनी, मुकेश सिंह, बॉबी शर्मा, चमन सिंह, देवेंद्र कुमार शर्मा, अभिषेक प्रजापति, शिवा, राहुल, सौरव आदि मौजूद रहे।

वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हमेशा भारत की महानता के गीत गाता रहूंगा। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, मेक इन इंडिया को भी इस अक्टूबर 10 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, मोहित अग्रवाल, महेश अग्रवाल, रमा यादव, सुषमा त्यागी, विक्रांत शर्मा, नितिन बंसल, प्रमोद रोहिल्ला, पवन राज, सौरव गुप्ता, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में कार्यक्रम सुनते नगर पालिका के अध्यक्ष एवं अन्य।


प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते लोग।

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** मोहल्ला अलीनगर कैंप कार्यालय पर पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने साथियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनी। उधर, रोहित चिकारा, धर्मेंद्र चौहान, थम्मन सिंह चौहान, शुभम जलन, पवनीत दिवाकर, आफताब आडवानी ने अपने आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। रजबपुर मंडल के गांव खेतापुर जहांगीरपुर में मन की बात को अमरोहा ब्लाक प्रमुख गुरेंदर सिंह ढिल्लो, रजबपुर मंडल अध्यक्ष रामनिवास गोला ने गांव वालों के साथ नरेश प्रधान के आवास पर सुना।

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला से बाइक सवारों ने लूटी चेन

रुद्रपुर, अमृत विचार : शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले की सोने की चेन लूट ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। दरिया नगर वार्ड-37 निवासी प्रभु दयाल ने बताया कि 25 सितंबर की रात एक बजे के करीब पिता रामा शंकर वर्मा की तबीयत खराब हो गई थी। आनन-फानन में उन्हें लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया और माता दुर्गावती को घर छोड़ने के लिए निकला ही था कि कार में सीएनजी नहीं होने के कारण वह नैनीताल हाईवे स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप पर गया। जहां उसने माता को नीचे उतारकर सीएनजी भरवाने लगा। तभी अचानक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आए और बुजुर्ग माता के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बाइक सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

# शक्ति बाण लगने से मूर्छित हुए लक्ष्मण

## संजीवनी लेने गए हनुमान, सिमथला में रामलीला मंचन देख दर्शक हुए भावुक

संवाददाता, ढबारसी (अमरोहा)

अमृत विचार : लक्ष्मण और मेघनाद युद्ध में लक्ष्मण के मूर्छित होने पर भगवान राम के विलाप को देखकर रामलीला मंचन देखने आए श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू आ गए। मेघनाद व लक्ष्मण तथा राम के रूप में मंचन कर रहे कलाकारों को श्रद्धालुओं ने सराहा।

आदमपुर थाना क्षेत्र के सिमथला गांव में रामलीला का 15 दिवसीय मंचन चल रहा है। शनिवार रात को रामलीला मंचन में अंगद रावण संवाद तथा मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध हुआ। मेघनाद व लक्ष्मण में युद्ध के दौरान लक्ष्मण शक्ति बाण लगने से मूर्छित हो गए। लक्ष्मण के मूर्छित होने का समाचार भगवान राम को मिला तो वह युद्धस्थल पर पहुंच गए तथा लक्ष्मण के उपचार के लिए वैद्य को बुलाया। जब वैद्य ने भगवान राम से कहा कि लक्ष्मण की मूर्छा सूर्योदय से पहले अगर संजीवनी बूटी दी जाए तो ही लक्ष्मण को ठीक किया जा सकता है। वैद्य की यह बात सुनकर भगवान राम भावुक होकर विलाप करने लगते हैं तथा कहते हैं कि अगर लक्ष्मण को मैं अयोध्या नहीं ले गया तो लक्ष्मण की पत्नी व माता को क्या जबाब दूंगा।


रामलीला मंचन से पहले भगवान राम की आरती करते लोग।

भगवान राम के दुखी मन को देखकर हनुमान संजीवनी बूटी लेने के लिए रवाना हो जाते हैं। रामलीला मंचन के दौरान नरेंद्र त्यागी, टीटू त्यागी, राजीव गोयल, अंकित सागर, शिवयंत त्यागी, अजय गोयल, सुरेन्द्र ठाकुर, नरेश कुमार, विजयपाल, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया

हसनपुर, अमृत विचार : हथियाखेड़ा के मां चामुंडा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास संत श्याम प्रभु दास ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। होते सिंह, प्रकाश सिंह, जगदीश ठेकेदार, डोरी लाल, कमल सिंह, चेतराम सिंह, बल्लू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, नेतराम सिंह आदि रहे।

### अर्जी लिख दी श्याम बाबा तेरे दरबार में...

मंडी धनौरा, अमृत विचार : श्याम बाबा का संकीर्तन में भजन सुनकर लोग झूम उठे। संकीर्तन के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार रात टीचर कालोनी में श्री नवदुर्गा शिव मंदिर के में श्री खाटु श्याम मित्र मंडल ने श्याम बाबा का संकीर्तन किया गया। जिसमें भजन गायक दीपक शर्मा ने मैंने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में, अर्पित कौशिक, मीनू शर्मा ने जब कोई न सम्भाले सम्भालता है श्याम, कृष वर्मा ने दिल में तू श्याम नाम की ज्योति जला के देख, सुमित शर्मा ने नैया है मझधार श्याम इसे पार लगा जाओ जैसे भजन सुनाए। इस दौरान श्री खाटू श्याम बाबा को खीर, चूर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, मनोज, सुमन, सचिन, नीरज रस्तौगी, विनीत राठी, सौरभ शर्मा, ज्योति, पीतम सिंह, विशाल प्रीती, हर्ष, इशी रस्तोगी, राखी, नमन, नूतन अग्रवाल, विपिन आदि रहे।

### बिजली के खंभे से टकराकर पलटा ट्रक

अमरोहा, अमृत विचार : चालक को झपकी आने से अनियंत्रित ट्रक बिजली के खंभे से टकराकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में भरा पत्थर टूटने से तीन से चार लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

हादसा रविवार सुबह करीब चार बजे गांव फय्याजनगर के सामने हुआ। राजस्थान के किशनगढ़ से एक ट्रक ग्रेनाइट का पत्थर लेकर अमरोहा की तरफ जा रहा था। उसी दौरान चालक लक्ष्मण को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित हुआ ट्रक बिजली के पोल से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गया। इससे तारों समेत बिजली का खंभा ट्रक के ऊपर गिर गया। गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय बिजली आपूर्ति नहीं थी। हादसे में ट्रक में भरा पत्थर चटखकर हाईवे पर बिखर गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक मे फंसे चालक को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक लक्ष्मण ने बताया कि पत्थर टूटने से तीन से चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, पति सहित कई पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सात महीने पहले ही हुई थी शादी आंगन में पड़ा मिला था शव

अमृत विचार : नौगांवा क्षेत्र में विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। सूचना पर पहुंचे विवाहिता के मायके वालों ने उसके पति सहित अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति, सास-ससुर सहित कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र का है। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव पपसरा निवासी बुद्दू सिंह ने 20 वर्षीय बेटी निशा की शादी छह मार्च 2024 को नौगांवा सादात क्षेत्र के नौगांवा तगा के रहने वाले उदय सिंह के बेटे पुष्पेंद्र से की थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दिए गए सामान से खुश नहीं हुए। इस पर उन्होंने निशा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच दो-तीन बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। इसी बीच शनिवार शाम ससुराल में निशा की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुद्दू सिंह के मुताबिक भाई रामचंद्र ने बताया कि उन्हें पता चला है कि निशा ने जहर खा लिया है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो उसका शव आंगन में चारपाई पर पड़ा मिला। उन्होंने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोग घर से भाग गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल की, बाद में शव पोस्टमार्टम में लिए भेज दिया। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मृतका के पति पुष्पेंद्र समेत सास-ससुर व जेठ सुरेंद्र सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कर गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करते चौधरी भूपेन्द्र सिंह।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव जावेद आब्दी का स्वागत

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री जावेद आब्दी का रविवार को पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिपं अध्यक्ष के पति चौधरी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया। जावेद आब्दी ने कहा कि आने वाला समाजवादी पार्टी का है। इसलिए पूरी मेहनत, निष्ठा और संघर्ष के साथ पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। केन्द्र व प्रदेश में भाजपा सरकार की नीतियों से सभी परेशान हैं। पूर्व जिपं अध्यक्ष पति चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सचिव के निर्देशों व मार्गदर्शन के अनुसार पार्टी की नीतियां लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ. जितेन्द्र यादव, कामिल मंसूरी, जिताम्बर यादव, फरमान सिद्दीकी, इश्तियाक मलिक, नौशाद शेख, महंदी रजा, सीताराम, राजेन्द्र चौधरी, योगेन्द्र सिंह, नन्हे शर्मा, अमन चौधरी, शुभम चड्ढा, हर्ष सिरोही आदि मौजूद रहे।

### जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हंगामा

हसनपुर, अमृत विचार : जमीन पर कब्जा करने गए भाजपा नेता व दूसरे पक्ष में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। मारपीट में पथराव भी हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों का चालान किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी भाजपा नेता भीष्म खड़गवंशी ने गांव लुहारी खादर में एक जमीन खरीदी थी। रविवार को भाजपा नेता अपने साथियों के साथ जमीन पर कब्जा लेने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष में विरोध शुरू कर दिया और कहासुनी के बाद जमकर हंगामा हुआ, हंगामा के दौरान पथराव होने से वहां हड़कंप मच गया।


हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को कोतवाली ले आई। कोतवाली में दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे। कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता भीष्म खड़गवंशी एवं दूसरे पक्ष के ओमवीर का चालान कर दिया।

# निजी चिकित्सक हड़ताल पर, मरीज हो रहे परेशान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : प्रशासन की छापेमार कार्रवाई से नाराज निजी चिकित्सक हड़ताल पर हैं। जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई नगरीय एवं ग्रामीण निजी चिकित्सकों ने क्लीनिक एवं अस्पताल बंद कर दिया है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र में प्रशासन द्वारा निजी चिकित्सकों पर लगातार छापेमारी से निजी चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। जिसके चलते उन्होंने अपने क्लीनिक एवं अस्पतालों की ओपीडी से लेकर मरीज भर्ती करने तक की हड़ताल कर रखी है। वहीं, अस्पताल एवं क्लीनिक के बाहर नोटिस लगा दिया है कि चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण अस्पताल 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है। मरीज क्लीनिक या अस्पताल के



बंद ओपीडी का लगा नोटिस।

गेट पर पहुंचता है तो नोटिस को पढ़कर लौट जाता है। जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि निजी चिकित्सकों की हड़ताल से पहले सीएचसी पर तकरीबन 300 मरीजों की ओपीडी रहती थी। लेकिन निजी चिकित्सकों की हड़ताल के चलते सीएचसी पर अब मरीजों की संख्या बढ़ी है। अब प्रतिदिन ओपीडी में 500 मरीजों को दवाई का वितरण किया जा रहा है।

# नेशनल हाईवे पर दो दिन रहेगा रूट डायवर्ट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : दो अक्तूबर को पितृ विसर्जन अमावस्या पर गंगा स्नान के लिये पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यातायात को सुगम रखने की दृष्टि से 1 अक्तूबर की रात 12 बजे से 2 अक्तूबर की रात 10 बजे तक नेशनल हाइवे पर रूट डायवर्जन रहेगा। वहीं तिगरी में वाहनों को पार्किंग पर ही रोक लिया जाएगा।

मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को कांठ, स्योहारा, धामपुर, बिजनौर, बैराज, मीरापुर, मवाना, मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। मुरादाबाद से मेरठ-दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात मुरादाबाद से टीएमयू के बराबर से अगवानपुर बाईपास, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर, बैराज, मीरापुर, मवाना होते हुए मेरठ-दिल्ली भेजा जाएगा। बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात आंवला से शाहबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला से नरौरा होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। हापुड़ व मेरठ से गढ़मुक्तेश्वर के मध्य से रामपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन गढ़मुक्तेश्वर चौपला हापुड़ से डायवर्ट कर बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा, बबराला, बहजोई, चंदौसी, बिलारी, शाहबाद होते हुए रामपुर की ओर भेजा जाएगा। रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शाहबाद से डायवर्ट कर बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। चांदपुर से गजरौला होते हुए दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बिजनौर बैराज, मवाना, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। अमरोहा से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को शिवाला कलां, नूरपुर, बिजनौर, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। गढ़चौपला से गजरौला जाने वाला यातायात हापुड़ से बुलंदशहर डायवर्ट कर अनूपशहर, संभल, हसनपुर, गजरौला होते हुए अमरोहा भेजा जाएगा। गजरौला से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को गजरौला, हसनपुर, रहरा, गवां, अनूपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। धनौरा से दिल्ली जाने वाले वाहनों को चांदपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

### एसडीएम व सीओ ने तैयारियों का किया निरीक्षण

गजरौला, अमृत विचार : दो अक्तूबर को होने वाले पितृ अमावस्या के स्नान पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान है। इसी के चलते पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को एसडीएम व सीओ ने तिगरी में गंगा तट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम व सीओ ने तिगरी के मेले में लगने वाली दुकानों को पीछे हटाकर लगाने के लिये भी कहा, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन के लिये स्थान मिल सके। उन्होंने यहां के स्थानीय लोगों व पुरोहितों से भी बातचीत की और उनसे भी सुझाव मांगे। वहीं प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि गंगा घाटों के किनारे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोरों को तैनात किया जाएगा।

## उत्तराखंड-आसपास

# बेटे से रेकी करा चोरी करते थे बाइक, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्टेशन, कलेक्ट्रेट, मुख्य बाजार और बस अड्डे से चोरी करते थे

अमृत विचार : शनिवार आधी रात पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर ईंट भट्टे के खंडहर से चोरी की 15 बाइकें बरामद हुई हैं। एक चोर अपने सात साल के बेटे से रेकी कराता था। गिरोह के दो सदस्य फरार हैं। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा गया है। एसपी देहात केके सरोज ने गिरोह के बारे में जानकारी दी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने खुलासा करने की टीम को 20 हजार रुपये पुरस्कार दिया है।

सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह आधी रात गांव भगवतीपुर की ओर जाने वाले मार्ग के ईंट भट्टे के पास से गुजर रहे थे। जहां तीन संदिग्ध लोग नजर आए। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। तीनों ने अपना नाम मूलरूप से


पुलिस ने खंडहर से बरामद की बाइकें। ● अमृत विचार

जिला अलीगढ़ के थाना गंगीरी क्षेत्र के गांव हसनपुर और वर्तमान में बिल्सी के एचडीएफसी बैंक के पीछे रहने वाले नरेश पुत्र वीरबल, अलीगढ़ के गांव गौसपुर के प्रमोद पुत्र राकेश और जिला कासगंज के थाना सहावर क्षेत्र के गांव रोशननगर निवासी दीप सिंह पुत्र कालीचरन बताया। तीनों की निशानदेही पर पुलिस ने वहीं पास के खंडहर से 15 बाइकें बरामद की। पुलिस तीनों को पकड़कर कोतवाली ले गई। जहां आरोपियों ने बताया कि अलीगढ़ के थाना छर्रा क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी विजयपाल पुत्र राम सिंह, गौसपुर निवासी दीपक पुत्र प्रेम सिंह उनके साथी हैं। वह पांचों लोग गिरोह चलाते हैं। भीड़-भाड़ वाले इलाके जैसे मंदिर, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन आदि पर घूमते हैं। कोई व्यक्ति बाइक खड़ी करके काम से किसी दुकान या अन्य जगह जाता है तो उनमें से एक आरोपी का सात साल का बेटा उसके पीछे लग जाता है। वापस आकर वह बताता है कि बाइक के मालिक को समय लगेगा अब चोरी कर सकते हैं। वह लोग बाइक का ताला तोड़ते थे। फिर मास्टर चाबी का प्रयोग करके बाइक चोरी करके ले जाते थे। फिर आरोपी बच्चे को बाइक पर बैठाकर चला जाता था। साथ में बच्चा होने पर पुलिस बाइक नहीं रोकती। वह लोग अन्य चोरों से भी चोरी की बाइकें खरीदते थे। चोरी की बाइकों को खंडहर में छिपाते थे। बाद में बाइक का इंजन और नंबर प्लेट बदलकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कम कीमत में बचते थे। आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी की कई रिपोर्ट दर्ज हैं। नरेश के खिलाफ कासगंज कोतवाली का गैंगस्टर है। सीओ दातागंज केके तिवारी, सीओ सिटी संजय कुमार रहे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक सुमित कुमार व अनंत आमोरिया, हेड कांस्टेबिल प्रतीक्ष प्रताप सिंह, विनोद कुमार, कांस्टेबिल धर्मेंद्र कुमार, सानू खान, रिंकू छोकर, सुमित कुमार रहे।

### कुत्ते की टांग पकड़कर लहराकर फेंका, रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : पशुओं पर क्रूरता करने के वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही हैं। अब कुत्ते की टांग पकड़कर लहराकर दूर फेंकने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी नेत्रपाल पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव निवासी कुलदीप पुत्र राजेंद्र दबंग प्रवृत्ति का है। 21 सितंबर को सुबह 11 बजे कुलदीप ने आइडी से सोशल साइट्स पर एक वीडियो वायरल किया था। जिसमें वह एक कुत्ते की एक टांग पकड़कर चारों ओर लहरा रहा है और फिर दूर फेंक दिया। कुत्ते को चोट आई और वह लड़खड़ाता हुआ भाग गया। नेत्रपाल ने पुलिस को कुलदीप की वह वीडियो भी दिखाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कैंटीन में छात्रों को दी एक्स्पायरी ड्रिंक, हंगामा

संवाददाता पंतनगर

- पिछले सप्ताह भी दो बार भोजन में कीड़े निकल चुके हैं

अमृत विचार: पटेल भवन के कैंटीन संचालक ने शनिवार को छात्रों के भोजन में एक्स्पायरी डेट की फ्रूटी परोस दी, जिससे छात्र आक्रोशित हो उठे। छात्रों की शिकायत पर डीएसडब्ल्यू ने तत्काल फ्रूटी की पेटी नष्ट करवाकर मेस संचालक को फटकार लगाई और संबंधित व्यापारी से खाद्य आपूर्ति बंद करवा दी।

पंतनगर विवि में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रहने के लिए परिसर में 22 छात्रावास बनवाए गए हैं। साथ ही भोजन व्यवस्था के लिए छात्रावासों में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है। जिनका संचालन निजी संस्थाओं या व्यक्तियों को अनुबंध के आधार पर दिया जाता है। वर्तमान में प्रति छात्र प्रतिदिन 120 रुपये शुल्क निर्धारित है। एक सप्ताह पूर्व महिला छात्रावासों में छात्राओं को परोसे भोजन में कीड़े निकलने का मामला सुर्खियां बना था। जिसकी गाज डीएसडब्ल्यू, वार्डन, प्रबंधक सहित छह लोगों पर गिरी थी।

शनिवार को पटेल भवन के मेस संचालक ने छात्रों को एक्स्पायरी डेट की फ्रूटी सर्व कर दी। छात्रों को जब इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने हंगामा किया। साथ ही इसकी शिकायत हॉस्टल वार्डन डॉ. पारस सहित नवनियुक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आनंद सिंह जीना से कर दी। शाम को हॉस्टल पहुंचे डॉ. जीना ने शिकायत को सही पाया और फ्रूटी की पेटी को नष्ट करवाकर मेस संचालक से आपूर्तिकर्ता की सप्लाई बंद करवा दी।

### निजी बैंक के बिजनेस अधिकारी को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन रोड पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास शनिवार देर रात रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक्सिस बैंक के बिजनेस अधिकारी की मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक थाना कैंट क्षेत्र के बंगला नंबर-14 में रहने वाले अनुराग सिंह एक्सिस बैंक में बिजनेस अधिकारी थे। वह शनिवार रात करीब 11 बजे डीडीपुरम कार्यालय से अपने घर के लिए आ रहे थे। उनकी बाइक डीआईओएस कार्यालय के पास पहुंची कि तभी दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी और उनका सिर पहिये के नीचे आने से कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। अनुराग के पिता राजेश सिंह का आवास विकास कॉलोनी के सामने जनरल स्टोर है।

# तीन दिन बाद भी नहीं सुलझी विकास की मौत की गुत्थी

संवाददाता, काशीपुर

**देरी**

- पुलिस सीसीटीवी की जांच कर संदिग्धों से कर रही पुछताछ
- पीट-पीटकर हत्या कर शव को बाग में लटकाने का आरोप

अमृत विचार : कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा की मौत की गुत्थी तीन दिन बाद भी नहीं सुलझ सकी हैं। मृतक के पिता ने पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस सीसीटीवी चेक करने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ में जुटी है।

कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा पुत्र दीपक सिंह का शव 27 सितंबर को लीची के बाग में लटका मिला था। मृतक के शरीर पर नीले निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है। उनका आरोप है कि विकास की पीट पीटकर हत्या करने के बाद शव बाग में लाकर लटकाया गया है।

आरोप है कि वारदात से पहले गांव के कुछ युवक उसे घर से बुलाकर ले गए थे। इस मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर रविवार को भी दर्जनों लोग कुंडेश्वरी चौकी पहुंचे। चौकी प्रभारी एसआई चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### वक्फ संशोधन बिल का मुसलमान करेंगे स्वागत

बरेली, अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में वक्फ संशोधन बिल पास होता है, तो मुसलमान उसका स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से वक्फ की जमीन जायदाद सुरक्षित होगी और वक्फ भू माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा। हमारे बुजुर्गों ने जमीनें इसलिए वक्फ की थीं कि गरीब मुसलमानों की मदद की जाए मगर ये सब न होकर वक्फ बोर्ड के लोग भू माफिया से मिलकर और साठगांठ करके वक्फ की जमीनों को बेचने का काम करने लगे। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का हम समर्थन करते हैं क्योंकि अगर यह कानून लागू हो जाता है तो गरीब मुसलमानों और यतीम बच्चों का भला होगा। वक्फ भू माफिया से छुटकारा मिलेगा। वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगेगी।

# निजी ऑटो टेस्टिंग स्टेशनों से जारी होंगे फिटनेस सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ा बाईपास पर दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशनों का निर्माण जारी

अमृत विचार : ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट की जिम्मेदारी के बाद अब गाड़ियों की फिटनेस चेक सर्टिफिकेट जारी करने का काम भी निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी है। अफसरों के मुताबिक बड़ा बाईपास जल्द ही दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशन शुरू होने जा रहे हैं जहां दो निजी कंपनियां गाड़ियों की फिटनेस चेक कर सर्टिफिकेट जारी करेंगी।

अब तक परिवहन विभाग खुद गाड़ियों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर रहा है और इसके लिए उसने ट्रांसपोर्टनगर में सेंटर बना रखा है जहां आरआई रैंक के अधिकारी तकनीकी कर्मचारियों के साथ वाहन की जांच करते हैं लेकिन अब शासन के निर्देश पर इसमें बदलाव करने की तैयारी है। बड़ा बाईपास पर फिनिक्स और मनाली इंटरप्राइजेज नाम की दो निजी कंपनियों के दो ऑटो टेस्टिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद इन्हीं स्टेशनों पर कंपनियों की ओर से गाड़ियों की फिटनेस चेक की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक दोनों ऑटो टेस्टिंग स्टेशन अत्याधुनिक मशीनों से लैस होंगे।

ट्रांसपोर्टनगर में मैनुअली वाहनों की जांच की जाती थी लेकिन ऑटो टेस्टिंग स्टेशन पर मशीनों से जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। व्यावसायिक वाहनों को हर साल फिटनेस सर्टिफिकेट का नवीनीकरण कराना पड़ता है।

# ठगों को सिम उपलब्ध कराने का पर्दाफाश

ब्यूरो, देहरादून

- एसटीएफ ने नागपुर से दो महिलाओं को पकड़ा
- सिम कार्ड एक्टिवेट करा जालसाजों को बेचती थीं

अमृत विचार : एसटीएफ ने ठगों को सिम उपलब्ध कराने के काले कारोबार का पर्दाफाश करते हुए नागपुर से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं सोशल मीडिया साइट्स में विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले गिरोह के सदस्यों को बड़े स्तर पर सिम कार्ड उपलब्ध करवाती थी। आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर उनके बायोमेट्रिक लेकर सिम कार्ड एक्टिवेट करवाकर जालसाजों को ऊंचे दामों पर बेचे जाते थे।

देहरादून निवासी पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसने टेलीग्राम में ऑनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा और एक लिंक पर क्लिक किया, जिसके बाद उसे एक अज्ञात वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। पीड़ित ने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए आरोपियों द्वारा अधिक मुनाफे का प्रलोभव देकर व्हाटसप के माध्यम से उपलब्ध कराए गए अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 23 लाख रुपये की धनराशि जमा करा दी। संबंधित बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के सत्यापन के बाद साइबर पुलिस ने तकनीकी और डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर मामले में शामिल दो महिला आरोपी पुष्पा बारापत्रे और यदम्मा सुल्तान को चिन्हित किया। पता चला कि दोनों महिला विदेशी साइबर अपराधियों के लगातार संपर्क में हैं और एक आरोपी महिला यदम्मू सुल्तान का बेटा राजू सुल्तान फिलिपींस में रहता है ,जो कि इस गिरोह का मास्टर माइंड है। एसटीएफ ने दोनों महिलाओं को नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया। दोनों महिला सिम एक्टिवेट करवाकर राजू सुल्तान को कोरियर के माध्यम से फिलीपींस भेजती थी। महिलाओं द्वारा बताया कि वे 4 से 5 हजार सिम कार्ड राजू सुल्तान को भेज चुकी हैं। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि दोनों महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर लोगों के बायोमेट्रिक लेकर कई हजार सिम कार्ड एक्टिवेट किए हैं। बैंक खातों में लिंक मोबाइल नंबर भी जालसाजों को पहुंचाए गए हैं। आरोपियों द्वारा कार्य के लिए अन्य लोगों के चालू खाते खुलवाकर खुद इंटरनेट बैंकिंग एक्टिव कराकर, इंटरनेट किट प्राप्त कर लॉग-इन आईडी पासवर्ड क्रिएट कर (कमीशन बेस्ड खातों) अपराध किया जाता है।

# अब ट्रैक पर मिला फायर सेफ्टी सिलेंडर

## कानपुर में पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी

- झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर पड़ा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


छानबीन करती जीआरपी की टीम।



ट्रैक पर मिला सिलेंडर ।

**अमृत विचार :** साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की घटना में जांच अभी चल ही रही है कि रविवार तड़के झांसी रूट पर भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी।

सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस 12534 रविवार तड़के 4.03 बजे भीमसेन से गोविंदपुरी की ओर जा रही थी। ट्रेन होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल की ओर बढ़ रही थी। होल्डिंग लाइन पर चलने के कारण ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किमी आगे लोको पायलट एके भसीन को होल्डिंग लाइन पर सिलेंडर पड़ा दिखा।

इस पर उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर देखा तो सिलेंडर पर रेलवे की पर्ची लगी थी। इस पर कंट्रोल को सूचना दी और 4.19 बजे सिलेंडर लेकर सेंट्रल रवाना हुए। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर सिलेंडर आरपीएफ के सुपुर्द किया। यहां जांच में पता चला कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने यह फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया था। यह सिलेंडर कुशीनगर एक्सप्रेस का है। ट्रैक पर सिलेंडर मिलने से कुछ समय पहले ही गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस वहां से गुजरी थी। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग को मामले की जांच सौंपी गई है।

### क्या होती है होल्डिंग लाइन

**कानपुर।** जब कोई ट्रेन आउटर पर पहुंचती है तो उसे सिग्नल का इंतजार करना पड़ता है। अगर सिग्नल मिला तो ट्रेन आगे बढ़ जाती है। सिग्नल नहीं है तो ट्रेन को आउटर व प्लेटफार्म के बीच स्थित होल्डिंग लाइन में होल्ड करा दिया जाता है। इसी बीच अन्य ट्रेनें गुजारने के बाद उस ट्रेन को प्लेटफार्म पर लिया जाता है। जहां ट्रेन को होल्ड किया जाता है वह होल्डिंग लाइन कहलाती है।

### बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है। बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

## यूपी बार काउंसिल ने सीजेआई को भेजा पत्र


- न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा के स्थानांतरण की मांग

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के विरुद्ध 27 सितम्बर को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित करने के बाद प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। यूपी बार काउंसिल ने रविवार को बैठक कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति (सीजेआई) से मांग की गयी है कि न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा का किसी दूसरे राज्य में स्थानांतरण किया जाए। कहा गया कि जब तक उनका स्थानांतरण दूसरे राज्य में नहीं हो जाता है तब तक उन्हें किसी भी प्रकार का न्यायिक कार्य न दिया जाए। काउंसिल ने अपने प्रस्ताव की प्रति सुप्रीम कोर्ट के महानिबंधक के जरिये सीजेआई को प्रेषित की है। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने 27 सितंबर को एक मामले की सुनवायी के दौरान सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस चलाने के लिए प्रकरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है।

# प्रदेश में मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे ट्रेड शो

- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का हुआ रंगारंग समापन
- 5.5 लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड उद्यमियों को करोड़ों के आर्डर

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा


ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई (माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइज), खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।

### बरेली की अंजू की हैंडीक्राफ्ट को विदेश से मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को दिया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# कोचिंग में छात्रा से छेड़खानी शिक्षक को किया गिरफ्तार

- कोचिंग संचालक ने काकादेव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- संचालक बोले- हिंदू छात्राओं को बनाता था शिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** काकादेव में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग में छेड़खानी करने वाले बायोलॉजी के टीचर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का सीसीटीवी वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी टीचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी टीचर 10 मिनट तक बाथरूम में छात्रा के साथ रहा था। कोचिंग संचालक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू छात्राओं को ही टारगेट कर अश्लीलता करता था। पुलिस जांच कर रही है।

काकादेव स्थित आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोचिंग के ऑफिस में उनके नाम से बंद लिफाफा पड़ा मिला था। उसमें एक पेन ड्राइव थी। पेन ड्राइव को लैपटॉप में लगाकर देखा गया तो उसमें एक सीसीटीवी दिखा। सीसीटीवी में कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाने वाला शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ कोचिंग परिसर में गलत कार्य कर रहा था। कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल से जानकारी करने पर वह उनके ऊपर भड़क गया और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने लगा। बताया कि साहिल का एक अश्लील वीडियो पहले भी सामने आ चुका है। काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा को भी बयान दर्ज कराने के लिए उसके परिजनों को बुलाया गया है।

# महायोजना में भू-उपयोग रजिस्ट्री में न लिखने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

## मुरादाबाद निवासी अधिवक्ता इम्तियाज ने दाखिल की है याचिका



**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महायोजना के अनुसार सार्वजनिक उपयोगिता के लिए रजिस्ट्री में प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग न लिखे जाने के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जवाब मांगा है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर विचार करते हुए पारित किया।

याचिका में बताया गया है कि देश सरकार द्वारा महायोजना के अनुसार पार्क, खुले क्षेत्र, हरित पट्टिका व क्रीड़ा स्थल के लिए प्रस्तावित भू-उपयोग का रजिस्ट्री में उल्लेख किए जाने संबंधी शासनादेश जारी किये गये थे, जिससे जमीन के क्रेता को प्रस्तावित भू-उपयोग की जानकारी हो सके और अवैध निर्माण की दशा में ध्वस्तीकरण सहित समस्त विधिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी क्रेता की हो, लेकिन राजस्व विभाग के सजरा मानचित्र पर महायोजना के प्रस्तावित भू-उपयोग को सुपर इंपोज ही नहीं किया गया है और न ही स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा रजिस्ट्री के दौरान इसकी जांच की जाती है।

मूल रूप से जनपद मुरादाबाद निवासी व वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता इम्तियाज ने इस मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए याचिका दाखिल की, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जनपद स्तरीय रजिस्ट्री व स्टांप विभाग को निर्देशित किया जाए, जिससे महायोजना के अनुसार प्रस्तावित भू-उपयोग पर अवैध निर्माण की रोकथाम हो सके।

याची ने समान आवेदन मुरादाबाद में भी दाखिल किया था, जिस पर लेखपाल ने स्पष्ट रूप से बताया था कि अभिलेख पर सुपरइंपोज्ड मानचित्र उपलब्ध नहीं है और याची के अनुसार ऐसी स्थिति प्रयागराज सहित समूचे उत्तर प्रदेश में है। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि प्रस्तावित योजनाएं यानी मास्टरप्लान तथा किसी जोन के लिए क्षेत्रीय विकास योजना इस प्रकार उपलब्ध कराई जाए, जिससे कोई व्यक्ति उसे समझ सके। मामले की अगली सुनवाई आगामी 18 नवंबर को सुनिश्चित की गई है।

## सार-संक्षेप

### मथुरा में पेड़ों की कटाई मामले में 33 और गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा जिले की पुलिस ने 18 और 19 सितंबर की रात ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डालमिया फार्म में 450 से अधिक पेड़ों की कटाई में शामिल 33 और लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 33 आरोपियों को शनिवार को गुरु कृपा कुटीर से गिरफ्तार किया गया, जहां वे छिपे हुए थे। पुलिस ने बताया कि 450 से अधिक पेड़ों की कटाई करने के सरगना शिव शंकर सेठ उर्फ शंकर सेठ सहित छह आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि अब तक 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 33 को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उप-पंजीयक अजय त्रिपाठी ने कहा कि जिस 35 एकड़ भूमि पर पेड़ काटे गए हैं, उसके लिए न तो कोई पंजीकृत डीड बनाई गई है और न ही बिक्री के लिए कोई समझौता किया गया है।

### गाजियाबाद में खड़े ट्रक से टकराई स्कूटी, 3 की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी :** मसूरी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराने की घटना में तेज रफ्तार स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 3 बजे हुई, जब तीनों युवक स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वे मसूरी थाना क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी स्कूटी खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बिट्टू, अंशु उर्फ मनमोहन (30) और विपिन भट्ट के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली निवासी थे।

### आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण का विरोध करती रही है। बसपा प्रमुख हरियाणा के करनाल में 30 सितंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि हरियाणा में हो रहे विधानसभा आम चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से अनुसूचित वर्ग की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि इस पार्टी में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। जम्मू-कश्मीर में भी मतदाताओं को कांग्रेस, भाजपा व अन्य गठबंधन के मिथ्या वादे व बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।

# चारबाग स्टेशन पर पकड़े गए 1.97 लाख के नकली नोट

- आंवला का रहने वाला आमिर पकड़ा गया

**लखनऊ, अमृत विचार:** जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं।

जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। उसके बाद से उसके मामा दुकान पर मिलने आने लगे। 11 सितंबर को शादी में शामिल होने बरेली आया, तो घर पर ही रुक गया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने बरेली में मिलने के लिए पूछा तो उन्हें अपने गांव बुला लिया। मिलने पर उन्होंने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में आमिर ने कुबूल किया कि एक पैकेट जाली नोट पहुंचाने पर 5 से 10 हजार रुपए देने वादा किया गया । इसके बाद आरोपी मालदा राजन खान के घर चला गया।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।


**ऊपर से नीचे**

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।



### वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | | | 2 वि | |
| | | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | | | | ज | |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | |
| ण | | ल | | | 7 रे |
| म | | 8 वि | ला | य | त |
| णि | | का | | | ना |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| शु. 7 | बु. के. सू. 6 | चं. 5 | 4 |
| 8 | 9 | 3 मं. | |
| 10 | 12 रा. | 2 गु. | |
| श. 11 | | 1 | |

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06.19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** — आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** — आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** — आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** — आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** — आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** — आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** — आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** — आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- कुदरत का कानून — सुबह : 09.55
- सर्कस — रात : 07.45

&pictures
- खूंखार — सुबह : 11.06
- वेलकम बैक — रात : 08.00

Sony Pix
- रैमपेज — दोपहर : 12.01
- वंडर वूमैन — रात : 08.45

Zee Cinema
- एनकाउंटर शंकर — सुबह : 11.29
- दबंग — रात : 08.00

Zee Action
- खिलाड़ी — सुबह : 10.54
- विश्वात्मा — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### हालिया चुनाव के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** आप ने दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के एक सदस्य के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है और दावा किया है कि एमसीडी की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पुणे, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में गांधी की गारंटियां असफल हो गईं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन वाली सरकार ही राज्य का विकास करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को गरीब, दलित, युवा और किसान विरोधी करार दिया। चूंकि भाजपा के कुछ बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए शाह ने इंद्री में लोगों से कहा कि वे वोट कमल पर डालें। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर शाह ने बादशाहपुर की रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि सेना में हर 10वां सैनिक हरियाणा से होता है। इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की और वह मोदी सरकार थी जिसने 2015 में यह लागू किया।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### लिंग निर्धारण सर्जरी से पहले मनोचिकित्सक की अनुमति जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्री-हार्मोनल थेरेपी या लिंग निर्धारण सर्जरी के इच्छुक ट्रांसजेंडरों को मनोचिकितसक से अनुमति लेना जरूरी है। एसओपी में कहा गया है कि जहां तक स्त्री रोग विशेषज्ञों का सवाल है तो उन्हें यह पूछना चाहिए कि रोगी को नाम और सर्वनाम के संदर्भ में किस तरह से संबोधित किया जाना चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिन शब्दों का उपयोग करें वे सुरक्षा, गरिमा व सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। एसओपी दस्तावेज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्तमान प्रणाली के मुताबिक लैंगिक असंगति का मूल्यांकन और प्रमाणन करना होगा। लैंगिक असंगति का मतलब किसी के अनुभव किए लिंग और निर्धारित लिंग में फर्क होना होता है।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### उत्तर बंगाल में बाढ़ चिंताजनक केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता

**कोलकाता/सिलीगुड़ी।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी क्षेत्रों में बारिश से, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के पास भविष्य में प्रभावित होंगे। केंद्र पर राज्य की मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

### आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई-2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है : मंत्री

**औरंगाबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। दुबे ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक है। भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। 2023-24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और 2024-25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति की गई है और सर्वे में नई कोयला खदानों का पता चल रहा है।

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड-इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।

**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।

### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक-अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।





**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार-चढ़ाव होता है।

**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# 7% की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

## बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

# हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर नबील कौक ढेर


## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया सातवां शीर्ष सदस्य, यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक और प्रमुख सदस्य नबील कौक को मार गिराया है। इससे पहले, शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरल्ला भी मारा गया था। हिजबुल्ला ने नबील कौक की मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

इससे पहले हिजबुल्ला ने पुष्टि की थी कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। इजराइली सेना ने पहले कहा था कि कराकी की मौत हवाई हमले में हुई। इजराइल का कहना है कि हमले में कम से कम हिजबुल्ला के 20 अन्य आतंकवादी मारे गए, जिनमें नसरल्ला के दो करीबी सहयोगी भी शामिल हैं। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइले दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को हवा में ही नष्ट कर दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में दो सप्ताह से भी कम समय में कम से कम 1,030 लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं।





हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर नबील कौक (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 24 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 24 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

**बेरूत।** सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।


# पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो बड़ा राहत पैकेज देते

श्रीनगर, एजेंसी

- रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है।



बांदीपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 148 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 148 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न 64 लोग लापता कई घायल

### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

# रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

कीव, एजेंसी

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

# प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

लंदन, एजेंसी

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेंगी।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

तकरार | मेघालय सरकार ने नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति, गोरक्षा समूह ने पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने कि की थी घोषणा

# आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया। शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है।

नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने भी गोप्रतिष्ठा रैली की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश उनके मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। यहां गोरक्षा जैसा आंदोलन किसी सूरत में नहीं चलने देंगे। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई। जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन उन्हें सूचना मिली कि वहां भी विरोध के चलते सरकार ने अनुमति नहीं दी है। शिलांग के उमरोई हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए और कानून व्यवस्था के लिए समस्या खड़ी हो गई। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। इस बीच जैसे ही विमान आकाश मार्ग से मेघालय में बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने अपना संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर आकाश में गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे, समर्थकों से मिलेंगे और सार्वजनिक आयोजन भी करेंगे। गोरक्षा आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में जाने की अनुमति नहीं मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गोरक्षा को लेकर शंकराचार्य टीम सहित भारत यात्रा पर हैं। यह यात्रा 26 अक्टूबर तक चलेगी।



जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी। सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे। तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया। मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि मेघालय की परंपरा, संस्कृति और खानपान से छेड़छाड़ करने की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे।